इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत


दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






# किसानों की बल्ले-बल्ले : मोदी सरकार ने दिया दिवाली तोहफा, 6 फसलों का बढ़ाया एमएसपी

नई दिल्ली। केंद्र की मोदी सरकार ने दिवाली से पहले किसानों को बड़ा गिफ्ट दिया है। मोदी सरकार ने बुधवार 16 अक्टूबर को रबी फसलों की एमएसपी बढ़ा दी है। केंद्र सरकार ने 2025-26 सीजन के लिए रबी की 6 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी की घोषणा की है। इस फैसले के तहत अलग-अलग फसलों के एमएसपी में वृद्धि की गई है, जिससे किसानों को उनकी फसलों के बेहतर दाम मिल सकेंगे।



सरकार ने किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने के मकसद से यह कदम उठाया है। इसके बारे में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रबी फसलों की एमएसपी बढ़ाई गई है। सरकार ने किसानों के कल्याण से जुड़ा आज सबसे बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित को ध्यान में रखकर काम कर रही है। रबी विपणन सत्र के लिए एमएसपी को मंजूरी दे दी गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि फसल की कीमत लागत से 50 प्रतिशत अधिक होनी चाहिए।

सरकार ने गेहूं में 150 रुपये की बढ़ोतरी की है, गेहूं का एमएसपी 2425 रूपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो पहले 2,275 रूपये था। जौ में 130 रुपये की बढ़ोतरी, जौ का एमएसपी 1980 रूपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो पहले 1850 रूपये था। चना में 210 रुपये की बढ़ोतरी हुई, चना का एमएसपी 5650 रूपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो पहले 5440 रूपये था। मसूर में 275 रुपये की बढ़ोतरी हुई, मसूर (लेंस) का एमएसपी 6700 रूपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो पहले 6425 रूपये था। सरसों में 300 रुपये की बढ़ोतरी की, सरसों का एमएसपी 5950 रूपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो पहले 5650 रूपये था। इसी प्रकार कुसुम (संफ्लॉवर) में 140 रुपये की बढ़ोतरी हुई कुसुम का एमएसपी 5940 रूपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो पहले 5800 रूपये था।

### केंद्र सरकार के कर्मचारियों का डीए भी बढ़ाया

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए डीए में 3 प्रतिशत बढ़ोतरी और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत को मंजूरी दे दी है। अब केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तनख्वाह में सालाना कुल 9448 करोड़ रुपये जुड़ेंगे।

### 11 करोड़ किसान पीएम किसान योजना के लाभार्थी

देश में किसानों की वास्तविक संख्या कितनी है यह बता पाना मुश्किल काम है, लेकिन जुलाई 2024 तक देश में पीएम-किसान योजना के तहत 11 करोड़ से ज़्यादा किसानों ने लाभ लिया है। इन सरकारी आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि मोदी सरकार का फैसला किसानों के हित में दिख रहा है। देश के सभी 11 करोड़ किसान उन फसलों की खेती नहीं करते जिनका सरकार ने एमएसपी बढ़ाया है। फिर भी सरकार अपने फैसले से किसानों का दिल जीतने का काम करना चाहती है। इसका लाभ उसे महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों में मिल सकता है। एमएसपी का मतलब मिनिमम सपोर्ट प्राइस होता है। हिंदी में इसको न्यूनतम समर्थन मूल्य कहा जाता है। एमएसपी किसानों को फसलों पर दिया जाता है, और इसका उद्देश्य किसानों की आर्थिक स्थिति (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# एससीओ में भारत की दहाड़, जयशंकर ने पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी; चीन को भी दिखाया आईना

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को क्षेत्रीय अखंडता और आपसी सम्मान पर आधारित सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

यह भारतीय विदेश मंत्री का पाकिस्तान का पहला दौरा है, जो सुषमा स्वराज के 2015 की यात्रा के बाद हो हुआ। जयशंकर के मंगलवार शाम पाकिस्तान पहुंचने के बाद पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एससीओ लीडर्स के लिए डिनर रखा। इस दौरान उन्होंने खुद आगे बढ़कर विदेश मंत्री जयशंकर से हाथ मिलाया।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने बताईं 'तीन बुराईयां'

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एस. जयशंकर ने आतंकवाद, चरमपंथ और अलगाववाद को



विदेश मंत्री जयशंकर बोले- क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान हो

तीन बुराइयां करार दिया और चेतावनी दी कि अगर देशों के बीच एकतरफा एजेंडे हैं, तो सहयोग संभव नहीं है। हालांकि, उन्होंने अपने संबोधन में पाकिस्तान और चीन का नाम नहीं लिया, लेकिन दोनों देशों की विस्तारवादी नीतियों को लेकर हमला बोला।

### दक्षिण एशिया में स्थिरता और सहयोग की जरूरत

विदेश मंत्री जयशंकर का यह बयान खासकर दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय स्थिरता और सहयोग की अहमियत की ओर इशारा करता है। जयशंकर की यात्रा और उनके बयान दोनों ही भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अहम हैं और इस दौरे ने द्विपक्षीय रिश्तों को सुधारने की संभावनाओं को उजागर किया है।

### पाकिस्तान के साथ कोई द्विपक्षीय बैठक नहीं होगी

उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्री जयशंकर के दौरे में पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ उनकी कोई द्विपक्षीय बैठक शेड्यूल नहीं है। भारतीय अधिकारियों ने साफ किया है कि जयशंकर की यह यात्रा सिर्फ एससीओ समिट में हिस्सा लेने के मकसद से की जा रही है। एससीओ समिट में व्यापार और आर्थिक एजेंडा पर चर्चा के बाद ढाई बजे लंच होगा। इसके बाद शाम 4 बजे जयशंकर पाकिस्तान से भारत के लिए रवाना हो जाएंगे।

# भाजपा विधायक दल की बैठक: नायब सैनी होंगे हरियाणा के सीएम

पंचकूला। हरियाणा में पूर्ण बहुमत से चुनाव जीतने के बाद नई सरकार के गठन को लेकर आज बुधवार को बीजेपी ने पंचकूला में भाजपा दफ्तर पंचकमल में विधायक दल की मीटिंग बुलाई गई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने की है। बैठक में नायब सैनी को ही प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है। इसके बाद अब आज ही सरकार बनाने का दावा किया जाएगा और आज गुरुवार यानी 17 अक्टूबर को शपथग्रहण समारोह होगा।

### आज होगा नायब सिंह सैनी का शपथ ग्रहण समारोह

विधायक दल की बैठक के बाद नायब सिंह सैनी ने अमित



अमित शाह संग राज्यपाल से मिले, सरकार बनाने का दावा पेश

शाह के साथ राजभवन गए। यहां उन्होंने गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात की और उनके समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान समेत कई नेता मौजूद रहे।

पार्टी की विधायक दल की बैठक पर जींद से भाजपा विधायक कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि सभी खुश हैं कि चुनाव सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लड़ा गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी चुनाव के दौरान घोषणा की थी कि अगले सीएम नायब सिंह सैनी होंगे। वहीं, हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने पार्टी के सभी विधायकों को 16 और 17 अक्टूबर को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# उमर अब्दुल्ला दूसरी बार बने मुख्यमंत्री

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार (16 अक्टूबर) को श्रीनगर में हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सुबह 11.30 बजे दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। यह जम्मू-कश्मीर में बतौर मुख्यमंत्री उनका दूसरा कार्यकाल है। उनके साथ सुरिंदर कुमार चौधरी ने भी डिप्टी सीएम की शपथ ली है। उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने 4 अन्य मंत्रियों को भी पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बता दें कि उपमुख्यमंत्री चौधरी ने नौशेरा सीट पर बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष रहे रवींद्र रैना को करारी शिकस्त दी है।



एक डिप्टी सीएम समेत 5 मंत्रियों ने भी ली शपथ

### राहुल-प्रियंका समेत इंडिया गुट के नेता पहुंचे

इस मौके पर विपक्ष के प्रमुख नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में मौजूद रहे। इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों में सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत अन्य नेता भी श्रीनगर पहुंचे हैं।

### केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद पहला सीएम

यह शपथ ग्रहण समारोह इसलिए खास है क्योंकि उमर अब्दुल्ला अनुच्छेद 370 के हटने और जम्मू-कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद पहले मुख्यमंत्री हैं। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश में बांटने के बाद यह उनका दूसरा कार्यकाल है। उमर अब्दुल्ला पहले भी 2009 से 2015 तक जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। जम्मू-कश्मीर 2018 से राष्ट्रपति शासन के अधीन था, जब बीजेपी ने पीडीपी के साथ गठबंधन तोड़ लिया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 'निज्जर हत्याकांड में कनाडा के पास भारत के खिलाफ नहीं था कोई ठोस सबूत', कनाडाई पीएम ट्रूडो का कबूलनामा

कनाडा। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा, 'कनाडा ने भारत से सहयोग करने के लिए कहा, उनका (भारत) अनुरोध सबूत मांगना था। हमने भारतीय सुरक्षा एजेंसियों से आगे की जांच करने और हमारे साथ सहयोग करने को कहा, क्योंकि उस समय हमारे (कनाडा) पास केवल खुफिया जानकारी थी, न कि कोई ठोस सबूत।



### कनाडा के प्रधानमंत्री का बयान

जस्टिन ट्रूडो ने कहा, गर्मियों के दौरान मुझे खुफिया सेवाओं की तरफ से अवगत कराया गया था कि निज्जर की हत्या में भारत सरकार शामिल थी, कोई स्पष्ट अंतरराष्ट्रीय संबंध नहीं था, अगस्त में कनाडा और द फाइव आईज से खुफिया जानकारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत इसमें शामिल था। भारत के एजेंट कनाडाई धरती पर इसमें शामिल थे। हमने उन्हें बताया कि हमारी वास्तविक चिंता यह है कि आपकी सुरक्षा एजेंसियां इसमें शामिल हैं। हमारी जांच के जवाब में भारत ने प्रतिक्रिया में हमारी सरकार के खिलाफ अपने हमलों को दोगुना कर दिया। भारत ने हमारी सरकार और शासन को कम आंका, ये स्पष्ट संकेत थे कि भारत ने हमारी संप्रभुता का उल्लंघन किया है।

### भारतीय राजनयिकों को निष्कासित करने पर बोले ट्रूडो

विदेशी हस्तक्षेप आयोग में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा, मोदी सरकार के विरोधी कनाडाई लोगों की जानकारी भारत सरकार को उच्चतम स्तर पर दी गई जिसके बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह जैसे आपराधिक संगठनों के माध्यम से भेजी गई जानकारी के परिणामस्वरूप कनाडाई लोगों के खिलाफ हिंसा हुई। हम भारतीय राजनयिकों से पूछताछ करना चाहते थे, लेकिन उन्होंने अपनी राजनयिक प्रतिरक्षा को नहीं छोड़ा, इसलिए हमें उन्हें जाने के लिए कहना पड़ा।

### भारत सरकार से कांग्रेस ने रूख स्पष्ट करने की थी मांग

वहीं इधर भारत में कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि सरकार को कनाडा और अमेरिका की तरफ से लगाए गए उन आरोपों पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, जो भारत की वैश्विक छवि को धूमिल कर रहे हैं और विपक्ष को विश्वास में लेना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि विपक्ष को पूरी जानकारी होनी चाहिए, क्योंकि भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा की रक्षा करना एक साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने एक्स पर कहा, कानून के शासन में विश्वास रखने वाले और उसका पालन करने वाले देश के रूप में हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय छवि खतरे में है और यह महत्वपूर्ण है कि हम इसे बचाने के लिए मिलकर काम करें।

# छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य कर्मचारियों के लिए डीए में चार प्रतिशत बढ़ोतरी की, एक अक्टूबर से मिलेगा लाभ

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को घोषणा की है कि राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी, जिससे यह मूल वेतन का 50 प्रतिशत हो जाएगा।



छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने डीए की घोषणा करने पर मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

इस फैसले से राज्य सरकार के करीब 3.9 लाख कर्मचारियों को फायदा होगा और यह बढ़ोतरी इस साल एक अक्टूबर से प्रभावी होगी। सीएम साय ने कहा कि दिवाली का त्योहार नजदीक आ रहा है, इसलिए सरकार ने डीए में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है, जिससे यह केंद्र सरकार के बराबर हो जाएगा।

इस साल मार्च की शुरुआत में साय सरकार ने डीए में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी, जिससे यह मूल वेतन का 46 प्रतिशत हो गया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भारत में कानून अब अंधा नहीं! न्याय की देवी की नई मूर्ति में आंखों से पट्टी हटी, हाथ में तलवार की जगह संविधान

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय में बुधवार को न्याय की देवी की नई मूर्ति लगाई गई है। न्याय की देवी की मूर्ती की आंखों से पट्टी हटा दी गई है और उसके हाथ में तलवार की जगह संविधान ने ले ली है। यह मूर्ति सुप्रीम कोर्ट में जजों के पुस्तकालय में लगाई गई है। ताकि यह संदेश दिया जा सके कि देश में कानून अंधा नहीं है और गलती करने पर कड़ी सजा का भी प्रावधान है।

### मूर्ति की यह है खास विशेषताएं

न्याय की नई मूर्ति सफेद रंग की है और प्रतिमा में न्याय की देवी को भारतीय वेषभूषा में दर्शाया गया है। वह साड़ी में दर्शाई गई हैं। न्याय की मूर्ति के सिर पर सुंदर का मुकुट भी है, माथे पर बिंदी, कान और गले में पारंपरिक



आभूषण भी नजर आ रहे हैं। इसके अलावा न्याय की देवी के एक हाथ में तराजू है तो वहीं दूसरे हाथ में संविधान पकड़े हुए दिखाया गया है।

### नई मूर्ति दे रही है यह संदेश

न्याय की देवी की नई मूर्ति संदेश दे रही है कि न्याय अंधा नहीं है। वह संविधान के आधार पर काम करता है। गौरतलब है कि न्याय की देवी की नई मूर्ति चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की पहल पर लगाई गई है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि ऐसी और मूर्तियां भी लगाई जाएगी या नहीं।

### आंखों पर पट्टी और तराजू का क्या है मतलब

पुरानी मूर्ति में आंखों पर पट्टी का मतलब था कि कानून सबके साथ एक जैसा व्यवहार करता है। हाथ में तलवार दिखाती थी कि कानून के पास ताकत है और वो गलत करने वालों को सजा दे सकता है। हालांकि नई मूर्ति में एक चीज नहीं बदली है वो है तराजू। मूर्ति के एक हाथ में तराजू है जो यह दिखाता है कि कोर्ट किसी भी फैसले पर पहुंचने से पहले दोनों पक्षों की बात को ध्यान से सुनता है। तराजू संतुलन का प्रतीक है।




# आश्रितों को मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति, अवैध शराब की बिक्री पर लगेगी लगाम, कैबिनेट बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक हुई। बुधवार की दोपहर बैठक के बाद डिप्टी सीएम अरुण साव ने फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि, प्रदेश में धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू होगी और 31 जनवरी तक की जाएगी। वहीं दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति दी जाएगी। सहकारी समितियों में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर को 18420 प्रतिमाह मानदेय देने का फैसला लिया गया है। 49 राजनैतिक मामलों को कोर्ट से वापस लेने का फैसला लिया गया है।



धान खरीदी की डेट कंफर्म, साय कैबिनेट ने लिए कई बड़े निर्णय, अवैध शराब की बिक्री पर सख्ती

छत्तीसगढ़ सरकार ने एक और बड़ा फैसला लेते हुए अवैध शराब की समस्या पर कड़ी निगरानी रखने के लिए ठोस कदम उठाया है। सरकार ने देशी और विदेशी शराब की बोतलों पर नए होलोग्राम लगाने का निर्णय लिया। इस कदम का उद्देश्य शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाना है, जिससे राज्य में सुरक्षा और शांति बनी रहे।

### टोकन सिस्टम किया जायेगा लागू

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कृषि विभाग द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किसान पंजीयन की प्रक्रिया जारी है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगी। वर्ष 2024-25 में 160 लाख टन धान के उपार्जन का अनुमान है। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था पूर्व वर्ष की भांति लागू रहेगी। मंत्रि परिषद में खरीदी केन्द्रों में धान के नियंत्रित एवं व्यवस्थित रूप से उपार्जन हेतु सीमांत एवं लघु कृषकों को अधिकतम दो टोकन तथा दीर्घ कृषकों को अधिकतम तीन टोकन प्रदाय करने का निर्णय लिया गया। सभी खरीदी केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र के माध्यम से धान खरीदी होगी। धान खरीदी के लिए 4.02 लाख गठान नये जूट बारदाना जूट कमिश्नर के माध्यम से क्रय करने की स्वीकृति दी गई है। धान खरीदी के लिए कुल 8 लाख गठान बारदाने की जरूरत होगी।

### दिवंगत शिक्षकों को मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

दिवंगत शिक्षक (पंचायत) संवर्ग के कर्मचारियों के अनुकम्पा हेतु पात्र आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# निर्वाचन नामावली के अंतिम प्रकाशन त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत 22 नवम्बर एवं नगर पालिका 29 नवम्बर को निर्धारित स्थलों पर

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगर पालिका के आम व उप निर्वाचन हेतु निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में प्रेस वार्ता ली

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगर पालिका के आम व उप निर्वाचन हेतु निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में प्रेस वार्ता ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, डिप्टी कलेक्टर सुश्री हितेश्वरी बाघे एवं पत्रकारगण उपस्थित थे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि नगरीय निकाय हेतु प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर को किया गया। जिसका प्रकाशन नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं संबंधित वार्डों में, नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं संबंधित वार्डों में, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालय छुरिया तथा नगर पंचायत लालबहादुर नगर अंतर्गत कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं महिला भवन लालबहादुर नगर में किया गया। प्रकाशित निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण के संबंध में दावा-आपत्ति 23 अक्टूबर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक एवं अंतिम दिवस सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्राप्त की जाएगी। दावा आपत्ति नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ में नगर पालिका परिषद एवं समस्त 24 वार्डों में, नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कार्यालय तहसीलदार, कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सभी 15 वार्डों में, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालय छुरिया तथा नगर पंचायत लालबहादुर नगर अंतर्गत महिला भवन लाल बहादुर नगर में प्रस्तुत कर सकते है।



- जाबो कार्यक्रम के तहत नगरीय निकाय में लाउडस्पीकर के माध्यम से किया जा रहा प्रचार-प्रसार
- निर्वाचन नामावली में नाम जोड़ने के लिए 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष से कम आयु का नहीं हो

प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायत रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 4 नवम्बर है। प्राप्त दावा एवं आपत्तियों का निराकरण 29 अक्टूबर तक किया जाएगा। प्रारूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 8 नवम्बर है। दावा व आपत्तियों के निराकरण के आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तिथि निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर होगी। निर्वाचन नामावली के अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर को निर्धारित स्थलों पर किया जाएगा।

इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत हेतु प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर को किया जाएगा। जिसका प्रकाशन जनपद पंचायत राजनांदगांव कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय जनपद पंचायत एवं संबंधित ग्राम पंचायतों में, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय जनपद पंचायत एवं संबंधित ग्राम पंचायतों में, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय जनपद पंचायत एवं संबंधित ग्राम पंचायतों में तथा जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय जनपद पंचायत एवं संबंधित ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। प्रकाशित निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण के संबंध में दावा-आपत्ति 29 अक्टूबर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक एवं अंतिम दिवस सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक सभी ग्राम पंचायतों में प्राप्त की जाएगी। प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायत रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 8 नवम्बर है। प्राप्त दावा एवं आपत्तियों का निराकरण 4 नवम्बर तक किया जाएगा। प्रारूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 14 नवम्बर है। दावा व आपत्तियों के निराकरण के आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तिथि निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर होगी। निर्वाचन नामावली के अंतिम प्रकाशन 29 नवम्बर को निर्धारित स्थलों पर किया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि जाबो कार्यक्रम के तहत नगरीय निकाय में लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है एवं ग्राम पंचायतों में ग्राम कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराई जा रही है। कोई भी व्यक्ति निर्वाचन नामावली में नाम दर्ज करा सकता है, लेकिन 1 जनवरी की स्थिति में 18 वर्ष से कम आयु का नहीं हो। ग्राम पंचायत व नगर पालिका वार्ड का सामान्य तौर पर निवासी हो। वार्ड व ग्राम पंचायत से संबंधित विधानसभा की निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज किये जाने के लिए अन्यथा अर्हित हो।

## पहला कॉलम...

### एग्जाम फॉर्म के तिथि में वृद्धि को लेकर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय महंत राजा दिग्विजय दास महाविद्यालय राजनांदगांव में परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर है जो आज समाप्त हो गई है और कई विद्यार्थी ऐसे है जो परीक्षा फार्म नही भर पाए है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए यह मांग की है कि परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को जल्द से जल्द आगे बढ़ाया जाए जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मुख्य दायित्ववान कार्यकर्ता नगर सहमंत्री निकिता श्रीरंगे, प्रतीक गढ़वाल, भूपेंद्रपाल अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जनदर्शन स्थगित : आज नहीं होगा जनदर्शन



रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन इस गुरूवार 17 अक्टूबर को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

### उदयराम कंवर का निधन



राजनांदगांव (दावा)। सिरदार खपरी निवासी उदयराम कवर का आकस्मिक निधन 15 अक्टूबर को हो गया वे अपने पीछे चार पुत्र महेंद्र कंवर, सूरज कंवर, अशोक कंवर, प्रकाश कंवर और दो पुत्री श्रीमती प्रमिला चंद्रवंशी, श्रीमती पूर्णिमा चंद्रवंशी और पत्नी श्रीमति अहिल्या कंवर का भरापूरा परिवार छोड़ गए है। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

### उर्मिला बाई सिन्हा का निधन



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम मकरनपुर निवासी उर्मिला बाई सिन्हा उम्र 85 वर्ष का 16 अक्टूबर दिन बुधवार को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम मकरनपुर स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे तीन पुत्र व दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
अंतिम दिन 4 खेलों में – ता. 18 से दस्तावेज
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
वेट्टैयन द हंटर
कलाकार – रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, राणा दग्गूबाती, फहद फासिल आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
12th OCT to 17th OCT 2024



Vicky Vidya Ka Who Wala Video (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Jigra (Hindi) - 12:00, 03:00, 06:00 & 09:00 pm
Vettaiyan (Hindi) - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# आयुक्त ने कम वसूली पर राजस्व विभाग पर जताई नाराजगी

## आयुक्त ने ली निगम टी.एल. की बैठक, कार्यो की किये समीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने आज निगम सभागृह में अधिकारियों व कर्मचारियों की टाईम लिमिट (समय सीमा) की बैठक लेकर पूर्व बैठक मे दिये गये निर्देश एवं कार्यो की समीक्षा कर कलेक्टर टी.एल. जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, शासन की योजना के क्रियान्वयन की प्रगति के संबंध में जानकारी लेकर मूलभूत सुविधा के कार्यो का समय सीमा में क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये। साथ ही जनता से जुडे कार्यो का त्वरित निराकरण करने निर्देशित किये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने निर्माण कार्यो के संबंध में कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने-अपने प्रभारित वार्डो में चल रहे योजना या अन्य काम की प्रतिदिन मानिटरिंग करे एवं समय सीमा में कार्य पूर्ण कराये। कार्यादेश जारी कार्य तत्काल प्रारंभ कराये, भूमिपूजन उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं करने तथा अधूरे कार्य पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करे। पेचवर्क एवं रोड नाली के कार्य तत्काल प्रारंभ कराये, चल रहे कार्यो में गति लाये। प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में उन्होंने कहा कि बीएलसी के अप्रारंभ आवास दो दिन में प्रारंभ करावे, लेंटर लेबल के कार्य जल्द पूर्ण करावे। एएचपी के तहत निर्माणाधीन आवासों के कार्य में तेजी लावे, कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करें, आवास आबंटन की प्रक्रिया करें।



अमृत मिशन के कार्य के संबंध में आयुक्त ने कहा कि इंटर कनेक्शन, पाईप लाईन विस्तार के कार्य जल्द पूर्ण करें। नल कनेक्शन के शेष कार्य पार्षदों से सम्पर्क कर पूर्ण करें। इसके अलावा पेयजल संबंधी समस्त कार्य दुरूस्त रखे, कम पानी आने तथा पानी नहीं आने संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। सभी वार्डो में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करे। भवन अनुज्ञा संबंधी कार्य समय पर करे, अवैध प्लाटिंग को चिन्हांकित कर नियमानुसार कार्यवाही करें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने राजस्व की समीक्षा में कम वसूली में नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि संबंधित वार्ड में घर-घर जाकर वसूली करना सुनिश्चित करे। बड़े बकायादारों की सूची तैयार करें तथा दुकानों का बकाया किराया वसूले, अनुबंध करावे, साथ ही मुख्यमंत्री स्वावलंबन की दुकानों का भी अनुबंध करावे। सफाई व्यवस्था के संबंध में कहा कि आगामी त्यौहार को देखते हुये साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। लंबे समय से अनुपस्थित सफाई कर्मी को नोटिस जारी करे। एस.एल.आर.एम. सेन्टर के कार्यो की मानिटरिंग करे एवं डोर टू डोर कचरा संग्रहण प्रतिदिन कर यूजर चार्ज वसूलना सुनिश्चित करें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि सभी अपने-अपने कार्यो की जवाबदारी समझ समय सीमा में निराकरण करें एवं अगामी बैठक में प्रगति से अवगत कराये। बैठक में उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, इमरान खान, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र. सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, प्र. कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव सहित सभी विभागीय प्रमुख व अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वच्छता से पवित्रता, समृद्धि और पर्यावरण संतुलन - द्विवेदी

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय स्वच्छता सेवा अभियान के महत्तम परिप्रेक्ष्य में शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के प्रमुख निर्देशन में भूगोल विभाग द्वारा विशेष स्वच्छता सेवा के साथ-साथ विचार-विमर्श कार्यक्रम रखा गया। विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने समसामयिक संदर्भ में छात्राओं को बताया कि स्वच्छता से ही पवित्रता और पवित्रता से ही पर्यावरण संतुलन रहता है। सदा-सर्वदा से अखिल विश्व में हमारी अद्वितीय सनातन-संस्कृति-परंपरा में स्वच्छता को



दिन-प्रतिदिन की चर्या में सर्वाधिक महत्वपूर्ण बताया गया है और सामाजिक समृद्धि के लिए स्वच्छता के साथ पवित्र जीवन-मूल्य ही अनिवार्य माने जाते रहे हैं। वास्तव में गुरूकुल आश्रमों में जब हमारे युवा-किशोर छात्रगण शिक्षा प्राप्त करते थे तो वहां का परम स्वच्छ पवित्र वातावरण ही उनको अपने विषय में न केवल पारंगत और पूर्ण ज्ञान कराता था।

बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ्य एवं समर्थ बनाकर देश-धरती की समृद्धि के लिए महान व्यक्तित्व-कृतित्व के साथ आगे लाकर नेतृत्व करता था। वैसे भी यह देखा गया है जितने भी महामानव, महापुरूष और विशेष व्यक्तित्व हुए हैं वे सहज-सरल रूप में समग्र स्वच्छता के साथ सादगी प्रिय और आत्म स्वावलंबन जैसे अनमोल गुणों के आदर्श प्रतिबिंब हुआ करते थे। इन्हीं दिव्य गुणों से विभूषित होने के कारण ये अपने समय काल में महान व्यक्तित्व बनें। और पीढ़ी-दर-पीढ़ी स्वच्छता से पवित्रता और पवित्रता से ही प्रकृति-पर्यावरण संतुलन के प्रमुख आधार-सूत्र बनें। आगे डॉ. द्विवेदी एवं विभाग के डॉ. साहू के दिशा दर्शन में विभागीय कक्षों की छात्राओं के साथ साफ-सफाई कर स्वच्छता हमेशा बनाए रखने का सदसंकल्प दिलाया। इस अवसर पर हमेशा स्वच्छता बनाए रखें, गंदगी कभी भी न फैलाएं, और स्वच्छता से ही समृद्धि और पर्यावरण संतुलन जैसे लोकप्रिय नारे भी लगाए गए और प्रत्येक जन-जन को घर-परिवार, पास-पड़ोस में जागृत करने के भी आह्वान किया गया।

**किराये से देना है**

कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।

-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी घुमका जिला राजनांदगांव**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र....202409094700014
बी-121 वर्ष 2024-2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सालिक साहू आ. लखन साहू निवासी ग्राम/शहर बिरेझर प.ह.नं 10 तहसील घुमका जिला राजनांदगांव ने अपने पिता लखन साहू आ. बिजेराम के मृत्यु प्रमाण पत्र कि मांग की गई है उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 18.11.1997 को स्थान बिरेझर पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 30/10/2024 तक लिखित में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 16/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 16.10.2024
सुनवाई दिनांक 30.10.2024

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी घुमका जिला राजनांदगांव तह. व जिला-राजनांदगांव**

**भूल सुधार**

नजूल अधिकारी, राजनांदगांव द्वारा श्री रमेशचंद खंडेलवाल, बलदेवबाग राजनांदगांव के लिए जारी आम सूचना जो कि इस समाचार पत्र के लिए 16/10/2024 के अंक में प्रकाशित हुई है, के क्षेत्रफल को 1240 वर्गफीट की जगह 1875 वर्गफीट पढ़ा जाए. सूचना जानें .....

– विज्ञापन व्यवस्थापक

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-7-9
350-8 138-2
राजधानी
2-4-8
158-4 690-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## ट्रक से भिड़ी जवानों से भरी बस, 15 घायल

धमतरी । जिले के एनएच-30 में पुलिस जवानों से भरी बस और ट्रक में जोरदार भिड़ंत हो गई है। इस हादसे में 15 जवान घायल हो गये है जिनमें दो महिला पुलिसकर्मी भी शामिल है। वहीं दो जवानों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों का इलाज धमतरी जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना अर्जुनी थाना क्षेत्र के संबलपुर की यह घटना बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को 20 जवान को लेकर एक बस रायपुर से सुकमा जा रहे थे।

# निगम में फंड का रोना और दूसरी तरफ आयुक्त कर रहे आर्थिक नुकसान: कुलबीर

**कुछ विशेष लोगों को नियम विरूद्ध संरक्षण एवं आम जनता के साथ आयुक्त का सौतेला व्यवहार**



राजनांदगांव (दावा)। वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता को पत्र लिखकर आपत्ति जताते हुए कहा कि नियम विरूद्ध आपके द्वारा पदमश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम को 2 अगस्त से 8 अगस्त तक धार्मिक कथा के लिए दिया गया था। जिसका किराया/शुल्क की रसीद कटाये बगैर ही आडिटोरियम को 07 दिन के लिए दे दिया गया था। जिसमें सिर्फ आडिटोरियम हॉल साउंड सिस्टम अन्य व्यवस्था शुल्क एवं जीएसटी शुल्क का कुल किराया एक दिन का जोड़ने हुए 23275 रूपये आपके विभाग के द्वारा इस कार्यक्रम में देने हेतु लिखी गई नोटशीट के अभिमत में इस तरह 7 दिवस तक कुल 1,62,925 रूपए निगम कोष में जमा कराया जाना लिखा गया है। जबकि सिर्फ ऑडिटोरियम के हॉल की ही नहीं पूरे आडिटोरियम की जगह का उपयोग हुआ है, जो कि वहां के कई विडियों में दिख रहा है। जिसका किराया निगम द्वारा निर्धारित किये गये दरों के अनुसार लगभग तीन से साढ़े तीन लाख रूपये के करीब आयेगा जिसे आयुक्त द्वारा छुपाने का प्रयास किया जा रहा है। इस तरह किराया/शुल्क को कम दर्शाकर बिना किराया, शुल्क के राशि की रसीद कटवाये निगम कोष में राशि नहीं जमा करवाया जाना अनुमति पत्र क्र. 453/राजस्व/न.पा.नि 01.08.2024 तथा संशोधित अनुमति पत्र 477/ राजस्व/ न.पा.नि/ 2024 का दिया जाना प्रमाण है तथा यह घोर आर्थिक अनियमितता है।

श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि नगर निगम के किसी भी भवन को किराये में लेने के लिए शहर के नागरिकों, समितियों के कार्यक्रम, शादी, तेरहवीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बैठक एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए पूरा शुल्क नगर निगम में राशि जमा करवाकर भवन को दिया जाता है। इस तरह कहा जाए तो निगम आयुक्त शहरवासियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे है। जबकि शहरवासियों को निगम के भवनों को कार्यक्रम में लेने के लिए कॉफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है और निगम आयुक्त नियम के विपरीत व्यक्ति विशेष लोगों को संरक्षण दिया गया है, साथ ही शासन के समस्त विभागों से अनुमति प्राप्त के दस्तावेज भी निगम द्वारा लिये गये हैं की नहीं यह भी स्पष्ट उल्लेख नहीं है।

पार्षद श्री छाबड़ा ने कहा कि एक तरफ शहर के सफाई व्यवस्था एवं शहर के विकास के लिए निगम की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, निगम के कर्मचारियों के वेतन तीन-तीन माह के नहीं मिल पाया है निगम कमिशनर नगर निगम के पास आर्थिक तंगी का हवाला देकर निगम असहाय है यह बताया जाता है। वहीं दूसरी तरफ लाखों रूपए बिना शुल्क व रसीद लिये भवनों को किराये में देना और नगर निगम में राशि जमा नहीं होना ये इस बात का प्रमाण है कि ये शहर के अव्यवस्थाओं के प्रति एवं नगर निगम के दायित्वों के प्रति आयुक्त अभिषेक गुप्ता गंभीर नहीं है, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से निगम की आर्थिक व्यवस्था को बिगाड़ने का कार्य किया जा रहा है। यह इस बात का भी प्रमाण है कि निगम राजस्व विभाग की वर्तमान दिनांक तक कई बैठकें हुई किन्तु उसके बाद भी आडिटोरियम की राशि निगम खाते में नहीं आई है तथा बिना राशि लिए निगम आडिटोरियम को किराये पर देना नियम विरूद्ध है।

श्री छाबड़ा ने आयुक्त को कड़े शब्दों में चेताते हुए कहा कि आप आर्थिक अनियमितता के हो रहे संरक्षण को बंद करें एवं नियम विरूद्ध किये गये कार्य के दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कर नगर निगम में पूरे आडिटोरियम की राशि जमा करायें एवं सभी कार्यवाही की लिखित छायाप्रति उपलब्ध कराएं। मेरे द्वारा की गई आपत्ति का निराकरण नियमानुसार 30 अक्टूबर तक नहीं होने पर मैं विधिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए विधि प्रक्रियां की ओर अग्रसर होऊंगा। उक्त विषय को लेकर मेरे द्वारा मुख्य सचिव छग शासन, सचिव छग शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय एवं संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र के माध्यम से जानकारी भेजी है।

## वर्षावास समापन पर परित्राण पाठ और धम्मदेशना



डोंगरगढ़ (दावा)। दिनांक 18 अक्टूबर दिन शुक्रवार को भिक्खू संघ भदंत धम्मतप (आयोजक राज्य स्तर बौद्ध सम्मेलन) भदंत जीवक (भिलाई), भदंत धम्म रक्षित(काटोल महाराष्ट्र), भदंत महेंद्र (राजनांदगांव), भंते नागरत्न (डोंगरगढ़) द्वारा परित्राण पाठ शाम 4 बजे, धम्म देशना शाम 6 बजे त्रिरत्न बुद्ध विहार दंतेश्वरी पारा वार्ड न.2 डोंगरगढ़ डॉ अंबेडकर भवन वार्ड में किया जाएगा। उक्त आयोजन सुजाता महिला बौद्ध समिति द्वारा किया जा रहा है।

# शरद पूर्णिमा पर बिखरी, चारु चंद्र की चंचल किरणें

**भजन कीर्तन, जसगान सहित, रंगारंग सांस्कृतिक आयोजन की रही धूम, जगह-जगह बांटी गई खीर प्रसादी**

राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि के बाद शहर सहित अंचल भर में शरद पूर्णिमा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दिन शरद पूर्णिमा की रात्रि मां सरस्वती शारदे की पूजा अर्चना कर जगह-जगह खीर प्रसादी का वितरण किया गया। वहीं ज्ञान की देवी सरस्वती शारदे का दिन होने के कारण कला संगीत साहित्य के पुजारियों ने मां सरस्वती शारदे की पूजा-आराधना की व अपने विद्या का प्रदर्शन किया। शरद पूर्णिमा की रात चूंकि चारुचंद्र की चंचल किरणें आसमान में बिखरी रहती है।

मान्यता है कि इस रात चंद्रमा धरती पर अमृत बरसाता है। इसलिए लोगों ने खुले आसमान के नीचे खीर का निर्माण किया और मातारानी की पूजा अर्चना के बाद उसे लोगों में बांटा गया। लोग देर रात तक जागकर खीर प्रसादी ग्रहण किए और इस अवसर पर आयोजित भजन-कीर्तन, जसगान आयोजन सहित अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया। शहर में श्री सत्यनारायण मंदिर सहित, श्री राधे कृष्ण मंदिर, चंडी मंदिर व अन्यान्य शीतला मंदिरों के अलावा पाताल भैरवी मंदिर में औषधि युक्त खीर प्रसादी का वितरण किया गया।

बता दें कि पाताल भैरवी मंदिर में शरद पूर्णिमा की रात जड़ी बूटी युक्त खीर का निर्माण किया जाता है। उक्त औषधि युक्त खीर स्वांस, दमा, अस्थमा के रोगियों के लिए राम बाण कहीं जाती है। जिसे लेने के लिए यहां हजारों की संख्या में भीड़ रही। मंदिर समिति द्वारा लोगों के मनोरंजनार्थ लोक गायक विष्णु कश्यप द्वारा संचालित लोक सांस्कृतिक संस्था स्वर-धारा का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## कवि सम्मेलन के बिखरे रंग

**शहर में कवि सम्मेलन आयोजन का बिखरा रंग**

शहर में शरद पूर्णिमा के एक दिन पहले डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजित विराट कवि सम्मेलन कार्यक्रम में ख्याति प्राप्त कवि कुमार विश्वास सहित छत्तीसगढ़ के टाईगर कहे जाने वाले कवि पद्मश्री डॉ सुरेन्द्र दुबे आदि ने कविता के जमकर रंग जमाने और लोगों की खूब वाहवाहियां बटोरी। रात के लगभग आठ साढ़े आठ बजे प्रारंभ हुए इस विराट कवि सम्मेलन में सर्वप्रथम कवित्रियों द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती की वंदना की गई तत्पश्चात छ्त्तीसगढ़ी के माने हुए कवि डॉ में सुरेन्द्र दुबे के संचालन में कुमार विश्वास सहित कवयित्री डॉ सुमन दुबे, कविता तिवारी व दिनेश बावरा ने ऐसा रंग जमाया कि हजारों की संख्या में उपस्थिति श्रोतागण वाह-वाह कर उठे और कवियों की जमकर सराहना की। सही मायनों में देखा जाए तो शरद पूर्णिमा के एक दिन पहले की रात म्युनिसिपल ग्राउंड में कवियों की एक से बढ़कर एक कविताई से चारुचंद्र की चंचल किरणें यहां पर ही बिखरी रही। शहर के युवा वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा आयोजित विराट कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास न अपने लोकप्रिय कविताओं से समा बांधा वहीं छत्तीसगढ़ी के लोक प्रिय कवि पद्मश्री डॉ सुरेन्द्र दुबे ने अपने हास्य-व्यंग्य की कविताओं से लोगों को लोटपोट किया, इसी तरह दिनेश बावरा ने राजनीतिक व्यंग्य की चाय वाली कविता और जलेबी वाली कविता सुना कर छाए रहे। इस दौरान कवयित्री डॉ सुमन दुबे व कविता तिवारी भी अपनी सुमधुर आवाज में कविता पाठ कर लोगों का दिल जीत लिया। इस तरह शरद पूर्णिमा के एक दिन पहले की रात मां सरस्वती शारदे की चरणों में काव्य पुष्पों का अर्पण सार्थक रहा। चारुचंद्र की चंचल किरणें काव्य मंच पर छाई रही।

# आज तोतले बच्चों के उपचार शिविर का शुभारंभ

**० शिविर में रायपुर के सत्यनारायण मित्तल निःशुल्क सेवा प्रदान करेंगे**
**० शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी करेंगे**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी में अग्र बायोडाटा सेंटर, रायपुर एवं सत्यनारायण मंदिर समिति के तत्वावधान में तोतला बोलने वाले बच्चों के शिविर का शुभारंभ आज 17 अक्तूबर गुरुवार को दोपहर 04:00 बजे श्री सत्यनारायण धर्मशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एन आर नवरतन के मुख्य आतिथ्य में होगा, कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सुशील अग्रवाल द्वारा की जाएगी। ट्यूटर सत्यनारायण मित्तल द्वारा उपचार पद्धति के संदर्भ में जानकारी दी जाएगी।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा यह दूसरा उपचार शिविर आज दिनांक 17 से 20 अक्तूबर तक श्री सत्यनारायण धर्मशाला, कामठी लाइन में आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। रायपुर के वरिष्ठ समाजसेवी अग्र बायोडाटा सेंटर के सदस्य सत्यनारायण मित्तल द्वारा अपने 35वें शिविर के माध्यम से बच्चो की स्पीच थेरेपी के द्वारा आवाज ठीक किया जाएगा।

इस शिविर के लिए 30 बच्चों ने पंजीयन कराया है। शिविर उद्घाटन के तुरंत बाद बच्चों की आवाज का परीक्षण किया जाएगा एवं उसी दिन उपचार प्रारंभ हो जाएगा। ज्ञातव्य है कि समिति द्वारा दिसंबर 2022 में भी यह शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें 34 बच्चों को 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त हुई थी। समिति ने आम नागरिकों एवं पंजीकृत बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि उद्घाटन सत्र में उपस्थित होकर इस उपचार पद्धति की जानकारी प्राप्त करें।

# बांधाबाजार में कौशल पखवाड़ा में 59 युवाओं ने लिया भाग



मोहला (दावा)। जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सभी विकासखंड में राज्य शासन के निर्देशानुसार 14 से 45 वर्ष के युवाओं को उनके रूचि के अनुसार निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 14 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज विकास खंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत बांधाबाजार में कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के कोर्स शामिल है जैसे की डोमेस्टिक डाटा ऐंट्री ऑपरेटर कम्प्यूटर, टेलर सिलाई, मेसन जनरल, वर्मी कंपोस्ट, गार्डनर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डिंग, फील्ड टेक्निशियन, मशरूम ग्रोवर, सुर्यमित्र सोलर टेलीकॉम टेक्नीशियन, जल वितरण संचालन इत्यादि विषयों के संबंध में युवाओं को सम्बंधित विभागों द्वारा जानकारी एवं काउंसलिंग किया गया। कौशल पखवाड़ा में क्षेत्र के 59 युवाओं ने भाग लिया। कौशल पखवाड़ा में डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, नायब तहसीलदार दिनेश साहू, सीईओ जनपद अं.चौकी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके सहित जनपद पंचायत, उद्यानिकी, कृषि, क्रेड़ा, श्रम के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लगातार बढ़ते जल संकट को देखते हुए किसान धान के बदले कम पानी उपयोग वाली फसल लें - कलेक्टर

**सभी बैराज, एनीकट, जलाशयों एवं अन्य अधोसंरचना का सर्वे कराकर मरम्मत योग्य कार्यों को शीघ्र मरम्मत करने के दिए निर्देश**

**कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जल संकट की स्थिति को देखते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए पानी को बचाना आवश्यक है।

बैठक में लगातार बढ़ते हुए जल संकट को देखते हुए रबी मौसम में कम पानी उपयोग वाली फसल लेने का निर्णय लिया गया। जिससे पेयजल संकट और आने वाली पीढ़ी के लिए पानी बचाया जा सके। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि फसल चक्र परिवर्तन अपनाते हुए किसानों को धान के बदले कम पानी उपयोग वाली फसलों की खेती करनी चाहिए। इससे किसानों की भूमि की उर्वरता क्षमता के साथ आय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पिछले रबी मौसम में धान की फसल के लिए 42 हजार सिंचाई पंप के उपयोग से सबसे ज्यादा पानी का दोहन हुआ है। जिसके कारण भू-जल स्तर नीचे चला गया था और पेयजल संकट की स्थिति बन गई थी। उन्होंने किसानों से रबी में धान के स्थान पर कम पानी उपयोग वाली अन्य फसल लेने कहा। इसके लिए किसानों को प्रेरित करने कहा और गांव-गांव में मुनादी कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को समूह में खेती करने के लिए प्रोत्साहित करें। जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने अधिकारियों को सभी बैराज, एनीकट, जलाशयों एवं अन्य अधोसंरचना का सर्वे कराकर मरम्मत योग्य कार्यों को शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिस कार्य के लिए राशि आबंटित है, उस कार्य को कराने के बाद समय पर मजदूरी भुगतान अवश्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि सभी गांवों में कृषि सखी है। उन्होंने कृषि सखी के माध्यम से किसानों को धान फसल के स्थान पर कम पानी उपयोग वाली अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करने एवं जागरूकता लाने कहा। सांसद प्रतिनिधि बिसेशर साहू ने भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि रबी मौसम में धान की फसल लगाने में अधिक लागत लगती है और मुनाफा कम होता है। उन्होंने कहा कि जो किसान रबी में धान की खेती करता है, उससे उसका फायदा नहीं होगा।

उन्होंने समृद्ध किसान बनने के लिए फसल चक्र परिवर्तन को अपनाने के साथ कम पानी उपयोग वाली फसल की खेती करने कहा। जिससे किसान के आय में वृद्धि होगी और समृद्ध बन सकेगा। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन जी डी रामटेके ने बताया कि जिले में 5 मध्यम सिंचाई जलाशय, 123 लघु जलाशय और 47 एनीकट है। सभी में निस्तारी और सिंचाई के लिए जल भराव की उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय एवं जल संसाधन विभाग के सभी एसडीओ उपस्थित थे।

# शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति के उपाध्यक्ष नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जनभागीदारी समिति नियमावली सूची अनुसार जिले के शासकीय महाविद्यालयों में जन भागीदारी समिति में जिले में पदस्थ अधिकारियों को उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

जिसके अंतर्गत शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, शासकीय नवीन महाविद्यालय अर्जुनी में तहसीलदार डोंगरगांव, शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय घुमका में तहसीलदार घुमका, शासकीय डॉ. बीआर अम्बेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में तहसीलदार लालबहादुर नगर, शासकीय महाविद्यालय रामाटोला डोंगरगढ़ में तहसीलदार लालबहादुर नगर शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में तहसीलदार छुरिया को जन भागीदारी समिति का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## जर्जर सड़क ...



**राजनांदगांव (दावा)। जनपद व जिला पंचायत राजनांदगांव के समीपस्थ ग्राम तोरनकट्टा से रवेली पहुंच मार्ग अत्यंत जर्ज़र हो चुका है। रोड मे बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके है, गड्ढों के कारण राहगीरों का चलना दुभर हो गया है, प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।**

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की बधाई देने और सिंघोला से सम्बलपुर पीडब्ल्यूडी जर्जर सड़क व नहर नाली के पार में पक्की सड़क बनाने की मांग





राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा के भूतपूर्व सांसद प्रदीप गांधी और भूतपूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी के अनुशंसा और मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के शुभ अवसर पर बधाई देने उनके निवास राजनांदगांव में पहुंचकर अपने ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासी सम्बलपुर की ओर से डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की बधाई देने के बाद अपने ग्राम सम्बलपुर के जर्जर सड़क की समस्या के बारे में बताया।

सिंघोला से सम्बलपुर पीडब्ल्यूडी सड़क मार्ग के बारे में बताया बहुत ही जर्जर हो चुके, सड़क जल्द से जल्द नया बनाने और सिंघोला से सम्बलपुर चांदो नहर नली के पार में पक्की सड़क निर्माण के लिए आवेदन देकर विस्तार से जानकारी दिया।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को बताया गया गांव की सड़क समस्या के बारे हमारे ग्राम के पड़ने वाले बच्चे सायकल से सिंघोला एव राजनांदगांव पड़ने स्कूल व कालेज जाते है रोड का गिट्टी डामर उखड़ गया जिस कारण बच्चों एवं राहगीरों को बहुत समस्या का सामना करना पड़ रहा है पूर्व सांसद के द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द आपकी मांग को पूरा किया जाएगा। कहा गया आप सभी ग्रामवासी के सहयोग से मांग करने तिलक साहू और शैलेंद्र साहू, घनश्याम साहू एवं ग्रामवासीगण स्पीकर एवं पूर्व सांसद के निवास में गए थे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में रेडक्रास की साधारण सभा का हुआ आयोजन



**० रेडक्रास की प्रबंध समिति में श्री दामोदर दास मूंदड़ा चेयरमेन निर्वाचित**
**० अन्य सदस्यों को नई जिम्मेदारी मिली**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा राजनांदगांव संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रेडक्रास की साधारण सभा का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने बताया कि रेडक्रास की नियमावली के अनुसार प्रबंध समिति बैठक की प्रक्रिया में अध्यक्ष एवं सचिव का पद स्थायी रहता है। प्रबंध समिति के गठन के बाद चेयरमेन का चयन समिति सदस्य द्वारा करने के बाद उपाध्यक्ष, सहसचिव का चयन किया जाएगा। बैठक में दामोदर दास मूंदड़ा को जिला प्रबंध समिति के चेयरमैन निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इस तरह अशोक चौधरी व हलीम बक्श गाज़ी को उपाध्यक्ष एवं सुशील जैन को को सह सचिव निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचित पदाधिकारियों को कलेक्टर एवं बैठक में उपस्थित सभी ने बधाई दी। प्रबंध समिति में राज्य प्रबंध समिति के लिए पद्मश्री पुखराज बाफना ने नाम प्रस्तावित किया। प्रबंध समिति गठन पश्चात सचिव सह सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए प्रतिवेदन पढ़ा। उन्होंने बताया कि रेडक्रास में चार संरक्षक सदस्य, 1650 आजीवन सदस्य है। साथ ही रेडक्रास की गतिविधियों के तहत पोषण किट, निक्षय मित्र किट, मरीज को आर्थिक सहायता, नवरात्रि व्यवस्था एवं वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम, जन औषधि केन्द्र संचालन की जानकारी दी।

आय व व्यय समिति के समक्ष रखा, जिसे अनुमोदित किया गया। बैठक में रेडक्रास सोसायटी द्वारा मेडिकल कॉलेज परिसर में रैन बसेरे संचालन हेतु नगर निगम द्वारा 25000 रूपए व्यय दिया जायेगा। जिसे संचालित करने की स्वीकृति, डोंगरगांव में वृद्धाश्रम को डोंगरगांव में समिति गठन कर संचालित करने की स्वीकृति दी गई। रक्तदान महादान के तहत जिला अस्पताल में रक्तदाता को रेडक्रास द्वारा प्रमाण पत्र एवं रिफ्रेसमेंट दिया जाने का अनुमोदित किया गया।

बैठक में बताया गया कि जिले में वृहद स्तर पर प्राथमिक चिकित्सा उपचार कार्यक्रम चलाकर गांव-गांव में वेलिंटियर तैयार कर प्रशिक्षित किया जाएगा। जिसके लिए जिले से दो डॉक्टर राज्य शाखा से प्रशिक्षित होकर आए है, जिनके माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही जूनियर रेडक्रास, यूथ रेडक्रास के विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। जिसके लिए शिक्षा विभाग व शासकीय दिग्विजय कॉलेज नोडल कॉलेज को आवश्यक कार्रवाई करने कहा गया।

रेडक्रास की आय की चर्चा करते हुए जेठी बाई धर्मशाला की दुकानों से किराया प्राप्त हो रहा है। जिसमे से कुछ दुकानों का बचा किराया जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही रेडक्रास का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में जिला प्रबंधक रेडक्रास सोसायटी प्रदीप शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. चंद्रवंशी, मेडिकल कॉलेज से अविन चौधरी, शासकीय दिग्विजय कॉलेज से सुश्री प्रियंका सिंह व सुश्री वंदना मिश्रा, रेडक्रास सोसायटी सदस्यो में हेमंत तिवारी, सुशील जैन, रईस अहमद शकील, अशोक मोदी, उत्तम जैन, सुशील पसारी, राजेश जैन, अलीम सिद्दकी, पुरूषोत्तम तिवारी, अशोक पांडे, विनेश चोपड़ा, प्रदीप शर्मा, जिला संगठक सह प्रबंधक रेडक्रास सोसायटी फरमासिस खुमेश साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

**1. निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-ई-ओटी-24-25-12आर01 दिनांक:07.10.2024
**कार्य का नाम:** (ए) छिंदवाड़ा में आरपीएफ चौकी का निर्माण। (बी) सिवनी में आरपीएफ चौकी का निर्माण। (सी) सौंसर में आरपीएफ चौकी का निर्माण। (डी) सावनेर में आरपीएफ चौकी का निर्माण। (ई) राजनांदगांव में आरपीएफ चौकी का निर्माण। (एफ) डोंगरगढ़, गोंदिया, तुमसर रोड, कलमना और MIB वसाहत में आरपीएफ पोस्ट/आउट पोस्ट में शौचालय/स्नानघर (12'x12') के साथ महिला चेंजिंग रूम का निर्माण। (जी) कामठी में आरपीएफ चौकी का निर्माण। (एच) ITR में संलग्न शौचालय के साथ महिला कक्ष (फीडिंग और चेंजिंग रूम) की सुविधा का निर्माण।
**निविदा मूल्य:** ₹ 35,10,183/-
**बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 70,200/-
**निविदा प्रस्तुत करने की तिथि:** दिनांक 24.10.2024 से 07.11.2024 के 15:00 बजे तक।
**निविदा खोलना:** दिनांक 07.11.2024 को।
अधिक जानकारी के लिए कृपया वरिष्ठ डीईई (आरएसएंडजी)/नागपुर के कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें/डाउनलोड करें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (RS&G), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
FL/30-130

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर


# छत्तीसगढ़ की गीता यादव का हॉकी इंडिया लीग में चयन




**दिल्ली एसजी पाइपर्स ने खरीदा**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ हॉकी की होनहार हॉकी खिलाड़ी गीता यादव का चयन आगामी दिसम्बर माह में आयोजित होने वाली हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के लिये हुआ है। हॉकी इंडिया द्वारा 7 साल के अंतराल के बाद हॉकी लीग पुनः प्रारंभ की जा रही है और पहली बार महिला वर्ग में भी इसका आयोजन हो रहा है प्रतियोगिता में सूरमा हॉकी क्लब, हरियाणा और पंजाब (जेएसडब्ल्यू), श्राची रहर बंगाल टाइगर्स, पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोर्ट्स), दिल्ली एसजी पाइपर्स, नई दिल्ली (एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट) एवं ओडिशा वॉरियर्स, राउरकेला (नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) की टीमों के बीच लीग मैच खेले जाएंगे।

गीता यादव कबीरधाम जिले के ग्राम बोड़ला की रहने वाली है सुश्री गीता प्रारंभ से ही राजनांदगांव हॉकी स्टेडियम में हॉकी के गुण सीखी है। तथा 3 वर्ष तक राजनांदगांव में रह कर हॉकी की बारीकियां सीखकर अपनी पहचान बनाई उसके बाद उसका चयन खेलो इंडिया सेंटर बहतराई बिलासपुर के लिए हुआ था। वह विगत कई वर्षों से छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से 10वी सब जूनियर बालिका राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता हिसार हरियाणा 2020,11वीं सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता सिमडेगा झारखण्ड 2021, 12वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता इम्फाल मणिपुर 2022, 13वी हॉकी इंडिया जूनियर राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता राऊरकेला ओडिशा 2023 में प्रतिनिधित्व करते आ रही है। गीता के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर जूनियर इंडिया कोर टीम के लिए चयन हुआ था। गीता यादव वर्तमान में जूनियर इंडिया कोर टीम बैंगलोर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

गीता यादव हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में भाग लेने वाली छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला खिलाड़ी है। दिल्ली पाइपर्स की टीम में गीता यादव के चयन होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव सा, डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष, टंकराम वर्मा, श्रीमती तनुजा सलामे निर्देशक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, फ़िरोज़ अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, मनीष श्रीवास्तव महासचिव छत्तीसगढ़ हॉकी, डी रविशंकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ए. एक्का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव, हरिंदर सिंग, एम वाय कुरेशी, विनीत नावघरे, वर्षा शर्मा, आशा थॉमस, नीलम चंद जैन, अमिताभ मानिकपुरी, गजेंद्र शर्मा, अंसार, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया भूषण सॉव, नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर), गणेश प्रसाद शर्मा, ज्ञानचंद जैन, अनुराज श्रीवास्तव, मृणाल चौबे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, कुमार स्वामी सहित राजनांदगांव शहर के सभी हॉकी खिलाड़ियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और गीता यादव को अच्छा प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

## अनमोल दावा

**झूठे व्यक्ति की ऊंची आवाज सच्चे व्यक्ति को चुप करवा देती है लेकिन सच्चे व्यक्ति का मौन झूठे व्यक्ति कि नींव तक हिला देता है।**

# पाकिस्तान की राह पर जाता कनाडा

कनाडा के साथ भारत के संबंधों के समीकरण पाकिस्तान सरीखे हो गए हैं। आज कनाडा के लिए भारत जो भाषा और रुख-रवैया अपना रहा है वह कूटनीतिक हलकों में उसी नजरिये से देखा जा रहा है जैसा भारत बिगड़ैल पड़ोसी पाकिस्तान के साथ अपनाता आया है। अपनी राजनीति चमकाने के लिए ट्रूडो ने जो हथियार चलाया है वह दीर्घकाल में खुद उनके और कनाडा के लिए आत्मघाती सिद्ध होगा।

पहले से तल्खी के दौर से गुजर रहे भारत-कनाडा संबंधों में सोमवार को तनाव अपने चरम पर पहुंच गया। सोमवार को नई दिल्ली ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाने के साथ ही भारत में कनाडा के मिशन से जुड़े छह राजनयिकों को शनिवार तक देश छोड़ने का फरमान सुना दिया। जवाब में कनाडा ने भी भारतीय राजनयिकों को लेकर ऐसा ही रुख अपनाया। सोमवार देर रात कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने प्रेस कांफ्रेंस में भारत के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखाए। असल में यह ट्रूडो की नीतियां ही हैं, जिन्होंने भारत-कनाडा संबंधों को रसातल में पहुंचा दिया है। घरेलू राजनीतिक दबावों के चलते रणनीतिक-व्यापारिक लाभ को अनदेखा कर रहे ट्रूडो ने भारत के साथ पारंपरिक प्रगाढ़ संबंधों की भी अनदेखी से गुरेज नहीं किया।कनाडा और भारत दोनों न केवल परिपक्व लोकतांत्रिक देश हैं, बल्कि दोनों की शासन प्रणालियां भी कमोबेश एक जैसी हैं। दोनों देशों के लोगों के बीच आत्मीय संबंधों से लेकर निरंतर परवान चढ़ रहे व्यापार के बावजूद ट्रूडो केवल निहित राजनीतिक स्वार्थों के वशीभूत होकर फैसलों में लगे हैं, जिनके दूरगामी नुकसान उठाने पड़ेंगे।भारत-कनाडा संबंधों में टकराव का एक बिंदु सिख अलगाववाद से जुड़ा है, जिसे ट्रूडो के शासन में और हवा मिली। ऐसा नहीं कि सिख अलगाववाद और चरमपंथ उनके शासन में ही शुरू हुआ। कनाडा में इसकी जड़ें बहुत पुरानी हैं, जिनके तार उनके पिता के शासनकाल से भी जुड़ते हैं।अंतर इतना है कि ट्रूडो के पूर्ववर्तियों ने सिख अलगाववाद पर अंकुश लगाने के प्रयास किए। इससे दोनों देश कनिष्क विमान हादसे से लेकर शीत युद्ध के दौर वाली असहमतियों को पीछे छोड़कर आगे बढ़े। खासतौर से ट्रूडो से पहले प्रधानमंत्री रहे स्टीफन हार्पर के दौर में द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाई मिली, लेकिन राजनीतिक पटल पर ट्रूडो के आने से स्थितियां बदल गईं।अपनी राजनीतिक नैया पार लगाने के लिए उन्हें खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी यानी एनडीपी का समर्थन भी लेना पड़ा। अब उनकी लोकप्रियता बड़े निचले स्तर पर चली गई है। कनाडा में उनके भारत-विरोधी दृष्टिकोण को लेकर भी कुछ हलकों में विरोध शुरू हो गया है।संबंधों में खटास के ताजा प्रकरण की शुरुआत पिछले साल सितंबर में तब हुई, जब ट्रूडो ने यह आरोप लगाया कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में हुई हत्या के पीछे उनकी पुलिस को ऐसे साक्ष्य मिले हैं जो इस हत्याकांड में भारत सरकार के अधिकारियों की संलिप्तता की ओर संकेत करते हैं।भारत ने उनके इस आरोप को गंभीरता से नहीं लिया। उलटे भारत की यह शिकायत थी कि ट्रूडो अपनी धरती पर भारत विरोधी गतिविधियों और खालिस्तान की मुहिम के लिए हो रही लामबंदी पर अंकुश नहीं लगा रहे। निज्जर के प्रत्यर्पण को लेकर भारत के बार-बार अनुरोध को भी वह दरकिनार करते रहे।कनाडा में अतिवादी गतिविधियां इतने चरम पर पहुंच गईं कि वहां पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का जश्न मनाया जाने लगा और भारतीय राजनयिकों को खुलेआम धमकियां दी जाने लगीं। ऐसी हरकतों पर लगाम लगाने के बजाय ट्रूडो सरकार उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर राजनीतिक एवं सामाजिक सुरक्षा-स्वीकार्यता प्रदान करती रही। जबकि इसी सरकार ने अपने ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल को निर्ममता से कुचलने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी।कनाडा के ताजा आरोप ये हैं कि भारत सरकार की शह पर लारेंस बिश्नोई गैंग उनके देश में खालिस्तान समर्थकों को निशाना बना रहा है। इस आरोप के पक्ष में कोई पुख्ता साक्ष्य नहीं हैं। यही कारण है कि पश्चिम के तमाम पारंपरिक सहयोगी देश भी इस मुद्दे पर कनाडा का साथ देते नहीं दिख रहे हैं, जबकि अधिकांश मुद्दों पर इन देशों में असंदिग्ध सहमति नजर आती है।वास्तव में कनाडा का रवैया च्उलटा चोर कोतवाल को डांटेज् वाली कहावत को चरितार्थ करने जैसा है, क्योंकि भारत यही शिकायत करता रहा है कि कनाडा संगठित अपराध करने वालों की सुरक्षित ऐशगाह बना हुआ है। भारतीय उच्चायोग ने 2022 में कनाडा सरकार को आगाह किया था कि पंजाब में हिंसक वारदातों को अंजाम देने वालों की आपराधिक गतिविधियां उसकी जमीन से संचालित हो रही हैं। कनाडा ने भारत की इन शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया। उलटे भारत पर ही अनर्गल आरोप लगाए। चूंकि ट्रूडो सरकार के आरोपों में कोई आधार नहीं रहा इसलिए इससे खुद उसकी ही फजीहत हुई। ताजा मामला भी इसका अपवाद नहीं।पिछले हफ्ते ट्रूडो सरकार ने निज्जर हत्याकांड से जुड़ी जांच में भारतीय राजनयिकों पर शिकंजा कसने का जो दांव चला, उससे द्विपक्षीय संबंधों में तनाव बढ़ना तय था और इसकी परिणति सोमवार को भारत सरकार के अप्रत्याशित कदम के रूप में सामने भी आई। अब इसकी भरी-पूरी आशंका दिख रही है कि ट्रूडो के सत्ता में रहते हुए कनाडा के साथ भारत के संबंधों में सुधार के आसार नहीं बनेंगे। उन्हें यह समझना होगा कि उनकी धरती पर पनप रहे हिंसक संगठन भविष्य में आंतरिक स्तर पर समस्याएं पैदा कर सकते हैं। कनाडा में विदेशी मूल के लोगों के बेलगाम आगमन एवं बसावट को लेकर भी कुछ वर्गों में असंतोष पनप रहा है।

# श्रद्धांजलि : स्व. महोबे मैडम, सादगी जिनका श्रृंगार था...



**योगेश अग्रवाल**



बच्चों सी खुलकर हंसने वाली, एक कक्षा से निकलकर केमिस्ट्री की दूसरी कक्षा की ओर सरपट जाती हुई और अचानक ठहरकर स्टूडेंट्स से हाल-चाल पूछने वाली मैडम, डॉ. हेमलता महोबे विगत दिनों हम सबसे बहुत दूर चली गयीं, महोबे मैडम की केमिस्ट्री क्लास में केवल दो आवाजें सुनाई देती थीं, एक मैडम की और दूसरी ब्लैक बोर्ड पर उनके चाक के निरंतर टकराने की। पढ़ाने की उनकी रफ्तार ऐसी होती थीं कि स्टूडेंट्स को परस्पर बातें करना तो दूर एक दूसरे को देखने का वक्त भी नहीं मिलता था, क्योंकि हम सभी को इस बात की फिक्र रहती थी कि मैडम के द्वारा बताई और लिखाई जा रहीं कोई लाइन छूट ना जाये, उनकी प्रत्येक पंक्तियाँ आई एम पी लगती थीं।

क्लास लेकर बाहर निकलते हुए मैडम के हाथ चाक की सफेदी से सने होते। क्लास से उनके बाहर जाते ही स्टूडेंट्स अगल-बगल से अपनी कापियां मिलाने में मशगूल हो जाते थे कि जल्दी में कोई पॉइंट लिखना छूट तो नहीं गया! माँ की छवि वाली डॉ. हेमलता महोबे के गुजर जाने के समाचार ने मुझे स्तब्ध कर दिया। ममत्व से भरा उनका मार्गदर्शन और उबाऊ माने जाने वाले केमिस्ट्री विषय को सहजता से समझाने वाली बेमिसाल शिक्षिका अब हमारे बीच नहीं रहीं। बिना तड़क-भड़क वाली सादी साड़ी में किसी साध्वी सी लगने वाली महोबे मैडम से साइंस के साथ दूसरे विषयों के स्टूडेंट्स भी अदब से पेश आते थे। आजीवन सादगी ही उनका श्रृंगार था, दिग्विजय कॉलेज के दादा-नुमा वे स्टूडेंट्स जो बाजुओं की मसल्स दिखाने के लिए हाफ आस्तीन वाली अपनी शर्ट के दोनों आस्तीनों को भी दो बार मोड़ कर पहनते थे, वे भी मैडम महोबे को देखते ही अपनी आस्तीन ठीक कर लेते थे, इसलिए नहीं कि वे मैडम से डरते थे या मैडम स्ट्रिक्ट थीं, बल्कि इसलिए कि मैडम की सरलता और अपनत्व भरे व्यवहार के वे भी कायल थे। मैथ्स विषय के साथ बीएससी पूरा करने के बाद पोस्ट ग्रेजुएशन (पीजी) में मैंने जब फिजिक्स विषय लेना चाहा तो मैडम ने मुझे फिर से विचार करने के लिए कहा क्योंकि उस समय तक दिग्विजय कॉलेज में फिजिक्स सब्जेक्ट में पीजी करने की सुविधा नहीं थी, हमारे कॉलेज में उस समय तक केवल, मैथ्स और केमिस्ट्री में पीजी कर पाने की सुविधा थी। यानी फिजिक्स विषय के लिए मुझे रायपुर में एडमिशन लेना पड़ता, ग्रेजुएशन (बीएससी) में मार्क्स अच्छे होने के कारण फिजिक्स विषय में पीजी करने के लिए प्रदेश के लिए निर्धारित सीमित सीटों में मेरा चयन भी हो गया। दिग्विजय कॉलेज छोडकर रायपुर जाने के अपने निर्णय पर मैं विचार मंथन कर रहा था क्योंकि फिजिक्स के साथ एनसीसी की सुविधा रायपुर में नहीं थी जबकि एनसीसी में मेरी गहरी रूचि थी और इस बात को महोबे मैडम जानती थीं कि मैं सेना (मिलिट्री) में अपना करियर देख रहा हूँ और वहां सिलेक्शन के समय एनसीसी के सर्टिफिकेट्स की बहुत अहमियत है.

अंततः श्रद्धेय मैडम की सलाह से मैंने मैथ्स में पीजी करना तय किया क्योंकि दिग्विजय कॉलेज में मैथ्स के साथ मैं एनसीसी भी कर सकता था। आगे नेशनल लेवल की एडवांस लीडरशिप कैंप के लिए मेरा चयन हुआ, साथ ही एनसीसी के सी सर्टिफिकेट की परीक्षा को मैंने अंडर ऑफिसर रैंक के साथ पास किया, परन्तु नियति को मंजूर कुछ और था।

बड़े भाई की अचानक मृत्यु के बाद पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण मुझे घर (खैरागढ़) के नजदीक रहना आवश्यक लगा, सेना के अतिरिक्त किसी अन्य सरकारी नौकरी करने की मुझमें रूचि नहीं थी इसलिए राजनांदगांव जिले में करियर कोचिंग (जिले का प्रथम कोंचिंग संस्थान) की शुरूआत करके सैनिक के बदले शिक्षक बनना मैंने तय किया। यह उस समय (1992 तक) का दौर था जब कोचिंग के लिए भिलाई का दबदबा था, इस कारण राजनांदगांव जैसे स्थान में कोचिंग संस्थान शुरू करने के मेरे निर्णय के पक्ष में अनेक वे लोग भी नहीं थे जिनका शिक्षा जगत में नाम था। परन्तु महोबे मैडम ने राजनांदगांव में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए वातावरण निर्माण के लिए यहाँ कोचिंग खोलने के मेरे निर्णय को जरूरी और साहसी कदम कहकर मुझे प्रोत्साहित किया।

मेहनत और पढ़ने-पढ़ाने की रुचिकर विधियों के कारण करियर कोचिंग को अच्छी सफलता मिली, कुछ समय बाद नई संकल्पनाओं और सुविधाओं वाले प्राइवेट स्कूल्स के साथ नए कोचिंग संस्थान भी राजनांदगांव में खुलते गए। राजनांदगांव जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं के वातावरण को आम आदमी तक ले जाने की मंशा में एक प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में मैंने -करियर- नाम से शैक्षिक स्तंभ (धारावाहिक) की शुरुआत की। इस स्तंभ में प्रकाशित सामग्रियों का प्रभाव इस कदर था कि केमिस्ट्री विषय के आवर्त सारणी (पीरियोडिक टेबल) से संबंधित अंक को गाँव के एक सैलून की दीवारों में चिपका हुआ मैंने देखा। इस अंक को पढ़कर स्व महोबे मैडम ने मुझे फोन किया, उन्होंने कहा 'योगेश, केमिस्ट्री तुमने मुझसे सीखा परन्तु तुम्हारे इस अंक (लेख) में केमिस्ट्री के एलिमेंट्स (तत्वों) के गुणों को तुमने जिस सरलता से समझाया है उसे पढ़कर मुझे लगता है कि मेरा शिष्य अब शक्कर हो गया है, 'उसी शाम मैडम का आशीर्वाद लेने मैं उनके बलदेव बाग स्थित निवास स्थान में गया। दरअसल यही तो उस विदुषी की विशेषता थी कि स्वयं को छोटा करके भी अपने शिष्यों को प्रोत्साहित करने का अवसर वे तैयार कर लेती थीं !!

एक विद्यार्थी, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

# // मन्नत के पौधे //

**बाल कहानी**

शिशिर नदी के किनारे बैठा था। आज उसका मन हमेशा की तरह बहुत विचलित था। थोड़ी देर बाद उसे एक संत नदी की ओर आते हुए दिखाई दिया। वे शिशिर के पास आ कर बैठे। शिशिर संत को बड़ी अचरज भरी निगाहों से देखने लगा। संत समझ गए कि यह बालक कुछ परेशान है।

संत ने शिशिर से पूछा- ''बालक! तुम कुछ चिंतित दिखाई दे रहे हो?

शिशिर नतमस्तक होकर बोला- ''हे संत शिरोमणि! हाँ, सचमुच मैं बहुत चिंतित हूँ। मुझे अपने कुछ प्रश्नों के उत्तर नहीं मिल रहे हैं।''

संत शिशिर के सर पर हाथ रखते हुए बोले- ''वत्स! इस संसार में ऐसा कोई प्रश्न नहीं है, जिसका उत्तर न हो। प्रश्नों के साथ ही उत्तर की व्युत्पत्ति होती है। बस, हमें प्रश्न का उत्तर ढूँढने आना चाहिए। आखिर प्रश्न क्या है तुम्हारा? बताओ।''

शिशिर ने संत के समक्ष अपनी बात रखी- ''मैं कुछ ऐसा काम करना चाहता हूँ, जो कुछ अलग हो।''

''क्या अलग सा काम करना चाहते हो? संत शिशिर की ओर हाथ बढ़ाते हुए बोले।

शिशिर कहने लगा- ''नवरात्रि प्रारंभ होने वाली है। श्रद्धा-भक्ति के इस अवसर पर देवी-देवताओं को बेजुबान पशुओं की बलि चढ़ाई जायेगी। इसे मैं रोकना चाहता हूँ। इसके लिए मुझे आपका मार्गदर्शन चाहिए।''

हाथ जोड़े हुए शिशिर को देख संत ने कहा- ''बस! इतनी सी बात! इसके लिए तुम जो कुछ भी करना चाहते हो, स्वयं ही शुरुआत करो।''

''वो कैसे संत श्री! बताइए ना।'' शिशिर के मुखमंडल पर प्रसन्नता की लालिमा सी दिखाई दी।

संत बोले- ''पुत्र! नवरात्रि के प्रथम दिवस से ही पौधा लगाना प्रारंभ कर दो।''

''फिर क्या होगा संतश्रेष्ठ? शिशिर के माथे पर सिकनभरा प्रश्न उठा।

''पहले मेरी बातें सुनो बालक।'' संत ने शिशिर को बीच में ही टोकते हुए कहा- ''एक तख्ती में ''मन्नत का पौधा'' लिख कर पौधे पर बाँध दो। फिर जो भी कार्य तुम करना चाहते हो वह पूर्ण हो जायेगा।'' संत वहाँ से प्रस्थान कर गये।

दूसरे दिन शिशिर ने अपने घर के सामने एक पौधा लगाया और संत के कहे अनुसार पौधे का देखभाल करने लगा। गाँव के एक व्यक्ति ने शिशिर से पूछा- ''अरे शिशिर! ये क्या लिखे हो पौधे पर। मन्नत का पौधा? शिशिर मुस्कुराते हुए बड़ी विनम्रतापूर्वक बोला- ''जी काका जी। मैंने देवी माँ से जो मन्नत माँगी थी, वो पूर्ण हुई। सो उसकी याद में मैंने एक पौधा लगाया है, और लिखा है- मन्नत का पौधा।

''अरे...! देवी माँ से मन्नत माँगने पर तो हम बकरे की बलि देते है न ? और ये जरूरी भी तो है। तुम्हारा यह सब क्या है?''

काका जी के पेट में शिशिर की बात कुछ पच नहीं रही थी। उसने शिशिर की पौधे की मन्नत वाली बात एक दूसरे व्यक्ति से कही। बात दूसरे से तीसरे व्यक्ति के पास चली गयी। इस तरह बात पूरे गाँव में जंगल की आग की तरह फैल गयी। दो-तीन दिन बाद गाँव वाले शिशिर के घर जा पहुँचे।

एक दिन सूर्योदय के समय शिशिर पौधे पर पानी डाल रहा था कि पीछे शोरगुल सुन रूक गया; और पूछा कि आप सभी यहाँ कैसे।

हुजूम में से एक बुजुर्ग बोले- ''बेटा शिशिर हम सभी बेवकूफ हैं क्या, जो तेरे झाँसे में आ जाएँगे।''

''कैसी बातें कर रहे हैं दादा जी आप? मैं कुछ समझा नहीं।'' शिशिर ने कहा।

''अरे बेटा, हम हर साल देवी माँ को बकरे की बलि देकर मन्नतें पूरी करते हैं; और तुम इसे बदलना चाहते हो?'' पता नहीं, आजकल के तुम युवा हमारे रीति-रिवाजों को क्यों बदलना चाहते हो? और ऐसा करना देवी माँ का अपमान नहीं है? बुजुर्ग का स्वर तीखा हो चुका था।

शिशिर ने बड़े ही कोमल स्वर में जवाब दिया-''माफ कीजिएगा दादा जी! मैंने यह बात न तो किसी को बताई है; और न हीं किसी को बताना चाहता हूँ। बस मुझे अपने फायदे के लिए किसी बेजुबान की जान लेना अच्छा नहीं लगता। अपनी मन्नत के लिए एक पौधा लगा रहा हूँ।''

काका जी बोले- ''क्या सच में एक पौधे लगाने से तुम्हारी मनोकामना पूरी हो गई?''

''जी काका जी। संसार में हर जीव देवी माँ की ही संतान हैं, तो भला वह अपने ही बच्चों की बलि कैसे लेंगी।'' गाँव के लोगों पर शिशिर की बातों का धीरे-धीरे असर पड़ने लगा।

तभी एक व्यक्ति मुँह बनाते हुए बोला- ''अरे भाई, मैं हर साल मन्नत माँगने से पहले एक बकरे की बलि देता हूँ। हर साल दस-बीस हजार खर्च करता हूँ; और तुम एक पौधे से ही अपनी मन्नत पूरी होने की बात कर रहे हो। तुम एक बेवकूफ हो, या फिर हमें बेवकूफ बना रहे हो।''

थोड़ी देर बाद बुजुर्ग व्यक्ति बड़े क्रोधित स्वर में बोले- ''ठीक है शिशिर! हम भी देखते हैं। यदि तुम्हारी बातें सच नहीं हुई तो इस पौधे को उखाड़ कर फेंकूँगा।''

''ठीक है दादा जी। और हाँ दादा जी सिर्फ मेरे पौधे उखाड़ने या बदला लेने की भावना से माँ को कुछ नहीं बोलना।'' शिशिर ने कहा।

दादा जी मूँछे ऐंठते हुए वहाँ से चले गए। गाँव वाले भी प्रस्थान कर गये। कुछ लोग तो अपनी अंधविश्वास व दकियानूसी बातों पर अडिग रहे। कुछ लोगों को शिशिर की बातें भा गयी; उन्होंने भी एक-एक पौधा लगाना प्रारंभ किया।

कुछ दिन बाद उस बुजुर्ग व्यक्ति ने सच्चे मन से माता के दरबार में अपनी इच्छा रखी। उनकी बरसों की इच्छा आज पूर्ण हुई। वे फूले नहीं समा रहे थे। गाँव में घोषणा कर दी कि इस नवरात्रि से हम सब वचन देते हैं कि कभी किसी बेजुबान पशु-पक्षी की जान नहीं लेंगे। उनके स्थान पर ''मन्नत का पौधा'' लगाएँगे। और उसकी रक्षा करेंगे।

इस तरह देवी माँ के सामने सभी नतमस्तक होकर क्षमा माँगने लगे। और शिशिर को बुजुर्ग व्यक्ति बड़े गर्व के साथ कहने लगे कि आज शिशिर न होता, तो हमारा पाप बढ़ता ही जाता। हमें गर्व है बेटा तुम पर। परलोक गमन करने से पहले ही तुमने हमारी आँखें खोल दी। आज शिशिर बहुत खुश था। वह मन ही मन संत के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहा था। गाँव में सर्वत्र हरे-भरे पेड़-पौधे अंगड़ाई लेते हुए हवा के साथ झूम रहे थे।



प्रिया देवांगन ''प्रियू''
राजिम जिला - गरियाबंद छत्तीसगढ़

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 289 : श्री राम ने प्रजा से कहा, ऐसी कड़वी बातें ना करें, महाराज के हृदय को आघात पहुंचेगा

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम ने आगे कहा, ''आर्य सुमंत ने आप सभी को सूचित कर ही दिया है कि मैंने माता कैकई की इच्छा के अनुरूप अपने पिता के दो पूर्व वचनों को स्वयं पूरा करने के लिए महाराज से अपने वन जाने का निवेदन किया था। मैं उनकी अनुमति नहीं मिलने पर भी स्वेच्छा से एक विशेष उद्देश्य को लेकर 14 वर्षों के लिए वन जा रहा हूं। भ्राता भरत कैकेय प्रदेश से वापसी के बाद युवराज के पद को सुशोभित करेंगे और पिता महाराज की राज कार्यों में सहायता करेंगे।हे मेरे प्रिय प्रजाजन! आप सभी से निवेदन है कि आप सभी महाराज दशरथ और भ्राता भरत की अयोध्या की सेवा करने के महान कार्य में पूर्ववत सहायता करते रहें।मैं अयोध्या से भले ही दूर जा रहा हूं लेकिन आप सभी मेरे हृदय में रहेंगे और मैं इस पवित्र जन्म भूमि के एक-एक कण का सदैव स्मरण रखूंगा और चिर ऋणी रहूंगा। कृपया मुझे देवी सीता और कुमार लक्ष्मण को यहां से प्रस्थान की अनुमति प्रदान करें।''

श्री राम के इस संबोधन की त्वरित प्रतिक्रिया हुई।

''यह अनुचित है कुमार!''

''हमसे बातें छिपाई जा रही हैं।''

''आपके वन जाने में कोई षड्यंत्र है।''

''क्या महाराज दशरथ सुरक्षित हैं?''

''महाराज दशरथ स्वयं दर्शन क्यों नहीं दे रहे हैं?''

प्रजा में एक-एक कर यह वाक्य गूंजने लगे।

एक व्यक्ति ने कहा, ''क्षमा करें श्री राम! अगर यह जन प्रासाद है तो महाराज दशरथ ने जन-जन के प्रिय हमारे श्री राम को देश निकाला कैसे दे दिया? क्या इसके लिए एक बार भी उन्होंने प्रजा का मन टटोलने का प्रयत्न किया?''

श्री राम ने मुस्कुराते हुए कहा, ''मैं आप सभी की भावनाएं समझ सकता हूं। आप लोगों ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया कि मुझे देश निकाला दिया गया है। आप लोगों की सेवा में अपना सर्वस्व समर्पण करने वाले कर्मठ, प्रजापालक और जनहितैषी राजा के प्रति आप लोग ऐसे शंकायुक्त विचार कैसे रख सकते हैं? क्या आप लोगों को यह ज्ञात नहीं है कि आप लोगों की ऐसी बातें अगर उनके कानों में पड़ेंगी,तो उनके हृदय पर कितना भारी आघात होगा?''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

# प्रियंका के लोकसभा में आने पर ...!

अखबार आते ही चट उठाकर,
बानी बोले – ''सुनिए गजाधर !
सबसे पहले यह खबर
कांग्रेस ने, केरल की
वायनाड लोकसभा सीट से,
पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी की,
उम्मीदवारी का अधिकारिक
ऐलान कर दिया है ''–
पर आपका मुख देखकर
मैं समझ नहीं पा रहा हूँ गजाधर !
आपको इस खबर ने
इतना प्रसन्न क्यों किया है ?
गजाधर मुस्कराए बाले –
वो इसलिए बानी !
कि लोकसभा में अब
राहुल गांधी नहीं बहकेंगे,
सही समय पर, सही बात करेंगे।
क्योंकि सदन में, मालूम बानी।
प्रतिपक्ष के नेता राहूल गांधी के गुरू के
रूप में, प्रिंयका गांधी उनके पास बैठेंगी!
वे कभी भाई को सलाह देंगी,
तो कभी सचेत करेंगी।''



गिरीश बख्शी

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आप जिस लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, वह आज हासिल हो सकता है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। मनोबल और आत्मविश्वास बना रहेगा।




**वृषभ**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की आपको सहायता मिल जाएगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे। पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा।




**मिथुन**

आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे, साथ ही आज किसी महत्वपूर्ण या राजनीतिज्ञ से मुलाकात फायदेमंद होगी। आज कारोबार में आपको फायदा होगा। इस राशि के बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष फलदायी है।




**कर्क**

आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में लाभ पाने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी। साथ ही आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना होगा ताकि आप अपना मन काम में लगा सके। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल पर आपका काम-धंधा अच्छा चलेगा। आपको किसी काम में मदद की जरूरत रहेगी, इस मामले में अच्छे दोस्त से सलाह मिल सकती है। पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे हो सकते हैं।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। व्यवसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए मेहनत करने की जरूरत है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की नाकाम कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी सेवारत हैं उन लोगों को कोई बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जायेगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनाएंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों में सफलता मिल सकती हैं। नये काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिल सकता है, लेकिन मौके को हाथ से न जाने दें।




**धनु**

आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में अभी और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे।




**मकर**

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बड़े फायदे हो सकते हैं।



**कुंभ**

आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। जो काम जरूरी नहीं है उन कामों में अपना समय बर्बाद न करके रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम बन सकता है। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आप जितनी मेहनत करेंगे।



**मीन**


आज का दिन आपके लिए स्पेशल होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा, जिससे कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। किसी योजना को शुरू करने के लिए आज का दिन आपके लिए अच्छा है। भविष्य में आपको काफी लाभ मिलेगा। घर में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद आपको मिलेगा।

## शब्द सामर्थ्य - 209

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 208 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | ध | प | ध | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# झाड़ीखैरी का मामला फिर आया उबाल में, एसडीएम दफ्तर का हुआ घेराव

**○ झाड़ीखैरी के ग्रामीणों की सरपंच को बर्खास्त करने की मांग, आत्महत्या की दी चेतावनी**
**○ शासन-प्रशासन से न्याय की उम्मीद नहीं, वापिस लौटे ग्रामीण**

राजनांदगांव (दावा)। जिले के डोंगरगांव ब्लाक में आने वाले ग्राम झाड़ीखैरी का मामला फिर उबाल पर आ गया है। बता दें कि झाड़ी खैरी के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत का मामला लेकर कई बार प्रेस वार्ता भी कर चुके हैं। उनकी मांग उनके पंचायत के भ्रष्ट सरपंच को हटाए जाने को लेकर है। इसके लिए वे 3 वर्षों से लड़ाई कर रहे हैं। प्रशासन के ध्यान में भी लाया जा चुका है। इसके बाद भी झाड़ीखैरी के लोगों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पिछले एक माह पूर्व भी ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव कर भ्रष्ट सरपंच को हटाने की मांग की थी। इसके बाद भी प्रशासकीय निर्णय में हो रही देरी से ग्रामीणों ने आक्रोश बढ़ते जा रहा है। इस मामले को लेकर कल बडी संख्या में ग्रामीण डोंगरगांव एसडीएम कार्यालय में डटे रहे और देर शाम एसडीएम न्यायालय से जांच के बाद निर्णय ग्रामीणों को सुनाया गया तो इस निर्णय से असंतुष्ट होकर ग्रामीण धरने पर बैठ गए। और वे 14 अक्टूबर की रात्रि से लेकर 15 अक्टूबर की देर शाम तक धरने पर बैठे रहे। उक्त धरने में बड़ी संख्या में झाड़ी खैरी की महिलाएं भी शामिल थी।

### आत्महत्या की चेतावनी

बता दें कि इधर उक्त मामले में किसी तरह प्रशासनिक हल नहीं निकलते देख ग्रामीणों ने प्रशासन से सामूहिक आत्महत्या की अनुमति की मांग की। इसके बाद स्थानीय व जिला प्रशासन हरकत में आया और समझाइश के लिए अपर कलेक्टर सी एल मार्कंडेय, सहित तहसीलदार एसडीओपी, टी आई पहुंचे और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। बताया जाता है कि कल मंगलवार को देर शाम तक प्रशासन न्यायालयीन प्रक्रिया का हवाला देते हुए ग्रामीणों को आगे अपील की बात कहते रहे। जिससे ग्रामीणों का गुस्सा और भी बढ़ गया और वे शासन-प्रशासन को जमकर कोसा तथा व अधिकारियों पर जमकर भड़ास निकाली।

### झाड़ी खैरी सरपंच की वित्तीय गड़बड़ी

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम झाड़ीखैरी के सरपंच हेमसिंग निर्मलकर द्वारा वित्तीय गड़बड़ी की गई है। सरपंच के वित्तीय अनियमितता और दबंगई से के चलते झाड़ीखैरी के ग्रामीण परेशान हैं। इसके लिए ग्रामीण 3 वर्षो से सरपंच को हटाने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से लेकर प्रशासन के अधिकारियों तक आवेदन प्रस्तुत की है। किंतु न्यायालय द्वारा किए गए आदेश में सरपंच सहित अन्य लिप्त लोगों से करीब 19 लाख की वसूली की बात कही गई है जिससे ग्रामीण संतुष्ट नहीं हैं और वे लगातार सरपंच को हटाने की मांग कर रहे हैं। इस दरम्यान झाड़ी खैरी के ग्रामीण कल एसडीएम कार्यालय का घेराव करने बाध्य हुए और सरपंच के खिलाफ दो दिनों से भूखे-प्यासे धरने पर बैठे ग्रामीणों को न्याय नहीं मिल पाया। इधर प्रशासन की ओर से उन्हें समझाइश के लिए पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों से दो टूक बात करते हुए आगे अपील करने की बात कही। ग्राम झाड़ीखैरी के सरपंच को हटाने के लिए 3 वर्षों से लड़ाई लड़ रहे ग्रामीणों का कहना है कि देरी से न्याय मिलना अन्याय के समान है। अब उनकी शासन प्रशासन से उचित न्याय की उम्मीद नहीं है। अतः अब आगे किसी प्रकार अपील नहीं करेंगे। निराश ग्रामीण वापिस लौट गए हैं।

# कलेक्टर ने ली फटाका व्यवसायियों की बैठक

**फटाका व्यवसाय करने के संबंध में निर्धारित मापदंड की जानकारी दी गई**

मोहला(दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के फटाका व्यवसायियों की बैठक लेकर फटाका विक्रय करने के संबंध में जारी निर्देशों की जानकारी दी। कलेक्टर ने फटाका व्यवसायियों से कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए फटाका का व्यवसाय करें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शासन द्वारा जारी गाईड लाईन की जानकारी देते हुए कहा कि आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी छोटी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इस बात को ध्यान में रखकर सभी प्रकार के सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करेंगे। उन्होंने आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है, साथ ही साथ सभी फटाका व्यवसायियों को भी हर स्तर पर सुरक्षा का इंतजाम किया जाना आवश्यक होगा।

बैठक में बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा आवंटित स्थल पर ही पटाका व्यवसाय के लिए दुकान लगाया जा सकेगा। लाइसेंस के शर्तों के अनुसार निर्धारित नियत समय तक की दुकान का संचालन किया जा सकेगा। बैठक में यह भी बताया कि जिस फटाका व्यवसाय के लिए लाइसेंस दिया गया है, उसके अनुरूप ही फटाका का विक्रय किया जा सकेगा। आवासीय बसाहट क्षेत्र में दुकान का संचालन नहीं किया जा सकेगा। फटाका व्यवसाय के द्वारा सुरक्षा एवं जान माल की सुरक्षा किया जाना आवश्यक होगा। प्रतिबंधित फटाका का व्यवसाय नहीं किया जा सकेगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए फटाका का व्यवसाय किया जा सकेगा। अवैध गतिविधियों के लिए फटाके का उपयोग नहीं किया जाये, यह सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में बताया गया कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन करने वाले फटाका व्यवसायियों को फटाका विक्रय के लिए लाइसेंस प्रदान किया जाएगा। फायर ब्रिगेड के साथ ही पानी का टैंकर रखना आवश्यक होगा। जितनी अवधि के लिए लाइसेंस जारी किया गया है, उस निर्धारित तिथि तक ही फटाका का व्यवसाय कर सकेंगे। फटाका व्यवसाय करने के लिए संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच से एनओसी लेना आवश्यक होगा। निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, एसडीएम मानपुर अमितनाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित पुलिस विभाग के थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, दावा-आपत्ति 23 तक



**डोंगरगांव (दावा)। नगरीय निकाय निर्वाचन की सबसे पहले कड़ी मतदाता सूची का तैयार किया जाना होता है। इस संदर्भ में एसडीएम डोंगरगांव द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आहूत की गई।**

इस बैठक में मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन की जानकारी देते हुए वार्डवार मतदाता सूची उन्हें उपलब्ध करायी गई है। डोंगरगांव नगरीय क्षेत्र के लिए स्थापित मतदान केन्द्र में दिनाँक 16 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक शासकीय कार्य दिवसों में प्रातः10 बजे से शाम 5 बजे तक तथा 23 अक्टूबर को 10 बजे से 3 बजे तक मतदाता सूची का अवलोकन करते हुए दावा-आपत्ति नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकेगा। इस बैठक में राम कुमार गुप्ता, योगेश पटेल, ललित लोढ़ा, रोशन यदु, संजय मुटकुरे, संतोष यादव, कोमल साहू आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 15 अक्टूबर को सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर के लिए सिंघोला गांव को चुना गया। आज के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव सम्मिलित हुए विशेष अतिथि के रूप में मूलचंद भंसाली, रोहित चंद्राकर, मुकेश साहू सरपंच व उपसरपंच साहू उपस्थित हुए, मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कैसे राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका निर्वाह कर सकते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील की, कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में उन्हें जो भी कार्य करने को कहा जाए वह उसे पूरे मन से करें और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएं। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में आपके व्यक्तित्व का विकास होगा और आप अच्छे समाजसेवी के रूप में बनकर उभरेंगे।

महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष रवि सिन्हा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को इस सात दिवसीय विशेष शिविर में पंजीकरण करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में बहुत मेहनत के बाद स्वयंसेवक शामिल होते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एस.आर कन्नौजे ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.सुमन बघेल और वरिष्ठ शिक्षक के रूप में डॉ.आशानंद माखीजा, श्रीमती निर्मला उमरे समेत महाविद्यालय के सभी प्रोफेसर समेत कर्मचारी सम्मिलित थे। धन्यवाद ज्ञापन के लिए ग्राम के सरपंच मुकेश साहू ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी और कहा कि आपको सभी के साथ तालमेल बैठाकर काम करना है।

# अनजान नंबर से आए फोन तो रहें सतर्क, आप भी हो सकते है ठगी के शिकार



**लोगों के मोबाइल पर आ रही ठगी के कॉल्स, पुलिस ने डिलापहरी और बखत रेंगाकठेरा के विद्यार्थीयों को किया जागरूक**

**ठेलकाडीह (दावा)। तकनीकी साधन बढ़ने के साथ-साथ लोगों को इससे सुविधा तो हुई लेकिन उतने ही सायबर क्राइम भी बढ़ गए है।**

आज जंहा स्मार्ट फ ोन के माध्यम से ही बिना बैंक जाए लेन-देन होने लगा है, वही इसका पूरा फ ायदा सायबर क्राइम माफियाओं ने उठाया है। लोगों को तकनीकी की पूरी जानकारी नहीं होने के होना।

मतलब ठगी का शिकार हो सकते है। अपराधी इसका पूरा फ ायदा घर बैठे उठा रहे है। लोगों को ठगने के प्रतिदिन नए-नए फं डे खोजे जा रहे है। जिससे लोग उनके जाल में किसी न किसी तरह से फंस ही जाते है। वर्तमान समय में अश्लील विडियों देखने के आड़ में डरा-धमकाकर पैसे की डिमांड करते है। जेल में भेजने की धमकी देते है, तो ऐसे कॉल से सतर्क रहना है। उक्त बाते सुकुलदैहान चौकी प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मन्नाडे ने स्कूली छात्र-छात्राओं से कहीं। बुधवार को जिले के कप्तान आईपीएस मोहित गर्ग के निर्देशानुसार ग्राम डिलापहरी एवं बखत रेंगाकठेरा के हायर सेकेंडरी स्कूल में नवा बिहान साइबर जागरूता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर वित्तीय साक्षरता से तेजस्वी वर्मा, सुकुलदैहान चौकी से अजय जोशी, शेषनारायण सिन्हा, रवि वर्मा, रेंगाकठेरा स्कूल के प्राचार्य विभा सोलंकी, उपसरपंच गुलाब वर्मा, सेवकराम साहू, आशुतोष तिवारी, अशोक सिन्हा इसी प्रकार डिलापरही स्कूल के प्राचार्य वनमाला बोडेले, आर एन शेंडे, ए एस करवार, के पी सुखदेवे, डाली नामदेव, भारती साहू सहित बड़ी संख्या विद्यार्थी मौजूद रहे।

### लालच देकर फंसाते है

तेजस्वी वर्मा ने स्कूली बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि ऑनलाइन लेनदेन के प्रचलन से सायबर क्राइम का भी खतरा बढ़ गया है। वहीं आपके मोबाइल नंबर, ईमेल में अनजान जगह से आए मैसेज पर किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं देना चाहिए। वर्तमान समय इंटरनेट व डिजिटल युग में कप्यूटर, मोबाइल व इंटरनेट का प्रयोग काफी तेजी से बढ़ रहा है।

इसके साथ ही सायबर अपराधी अलग-अलग तरीके अपनाकर लोगों के साथ धोखाधड़ी कर रहे है। बचाव के लिए किसी भी कॉल या एसएमएस पर कोई भी निजी बैंक खाते और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी बिल्कुल भी शेयर न करें। चाहे वह स्कीम का लालच दे, नौकरी का लालच या फि र अन्य तरीके से कहे तो बिल्कुल सतर्क हो जाइयें।

# बीएसएनएल आज तक चल रहा है पुराने ढर्रे में : उपभोक्ता हैं निराश



**अन्य कंपनियां 5 जी तो बीएसएनएल 3जी**

डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक मुख्यालय डोंगरगांव में आज भी बीएसएनएल द्वारा 3जी की सेवाएं दी जा रही हैं जबकि अन्य प्राईवेट कंपनियों द्वारा 5 जी सर्विस प्रदाय की जा रही है। जिससे बीएसएनएल उपभोक्ताओं में काफी निराशा है।

डोंगरगांव शहर में वर्षों से कार्यरत दूर संचार विभाग आज भी अपने पुराने ढर्रे पर चल रही है जबकि अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम 4जी सेवाएँ प्रारंभ हो चुकी हैं या शीघ्र ही प्रारंभ हो जायेगी। मिली जानकारी के अनुसार भारत संचार निगम लिमिटेड व्दारा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों जैसे बीजाभांठा, रामपुर, उमरवाही क्षेत्रों सहित अंबागढ़ चौकी में 4जी सुविधाएँ प्रारंभ कर दी गई हैं लेकिन डोंगरगांव शहरी क्षेत्र में अब तक 3जी सेवाएँ ही प्रदाय की जा रही हैं। हालॉकि विभाग व्दारा काफी समय से 3जी सिम को 4जी और 5जी सिम में अपग्रेड किया जा रहा है किन्तु अब तक सेवाओं को अपग्रेड नहीं किया जा सका है। हालॉकि विभाग के अधिकारियों व्दारा दावा किया जा रहा है कि दीपावली तक 4जी की सेवाएँ प्रारंभ की जा सकती हैं।

इस मामले में एसडीओ कुलवंत सिंह ने बताया कि 4जी सिम अपग्रेड का कार्य पिछले कई वर्षों से जारी है और 4जी अपग्रेड करने के लिए मशीनें यहाँ पहुंच चुकी हैं लेकिन टावर की ऊंचाई अधिक होने के चलते कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है लेकिन इस माह पूर्ण होने की उम्मीद की जा रही है।

# श्री कान्हा दशहरा उत्सव समिति न्यू सेक्टर अछोली में रावण दहन किया गया



डोंगरगढ़/अछोली (दावा)। श्री कान्हा दशहरा उत्सव समिति न्यू सेक्टर अछोली द्वारा स्कूल मैदान में भव्य आतिशबाजी के साथ (28 वां वर्ष) रावण दहन किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि जैन कुमार मेश्राम, सौमित्र सोनी, प्रिंस, योधन दास साहू, उपकार दास साहू, घनश्याम साहू, फिरंगीराम पटेल की उपस्थित में 55 फ़ीट रावण के पुतले दहन का कार्यक्रम आरंभ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों द्वारा भगवान श्री राम के चित्र पर फूल माला अर्पित का पूजा अर्चना के साथ आरंभ किया गया। तत्पश्चात भैंसारा के रामलीला मंडली द्वारा रामलीला वेशभूषा में सजधर कर गांव के विभिन्न चौक चौराहा का भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल स्कूल मैदान पहुंची, जहां मनमोहक रामलीला का आयोजन के साथ जोरदार आतिशबाजी के साथ 55 फ़ीट रावण दहन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरणों में विशिष्ट अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयदशमी के पर्व से हमें सीख लेनी चाहिए कि सत्य का मार्ग कठिन होता है मगर अंतिम क्षण में सत्य ही विजय होता है, इसलिए प्रत्येक मानव जाति को सद्मार्ग को ही अपनाना चाहिए।

वहीं रात्रि में 11:00 से भक्तिमय वातावरण के साथ जस झांकी की भी मनमोहन झलकीय प्रस्तुत की गई। इस दौरान कार्यक्रम में भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही वही कार्यक्रम के समापन पश्चात् कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र गुप्ता, दसेंद्र कैसे, रमन साहू, प्रेमदास साहू, घनश्याम निषाद, चंदन बांधे, टूमेश पटेल आदि ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने हेतु दानदाताओं, ग्रामवासियों एवं दर्शकों एवं पुलिस प्रशासन का धन्यवाद दिया है।

## आज कन्हारपुरी में रामधुनी सम्मेलन

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम कन्हारपुरी(मोक्षधाम सांकरदाहरा) में शारदीय पूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर 17 अक्टूबर गुरूवार को एक दिवसीय रामधुनी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। हरिओम जय अम्बे रामधुनी मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी कन्हारपुरी के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में जय मां शारदा लोक संस्कृति रामधुनी मंडली चर्रा (धमतरी), श्री राधेगोविंद रामधुनी मंडली मोहगांव (खुज्जी), श्रद्धा के फूल रामधुनी मंडली संबलपुर (खडांव), श्रीरामजानकी रामधुनी मंडली भर्रीटोला(मंगचुवा), रामजानकी रामधुनी परिवार गोपलीनचुवा (अं.चौकी), जय माँ दन्तेश्वरी रामधुनी मंडली आमदी (धमतरी), नवज्योति रामधुनी मंडली बनहरदी, लोकप्रिय छ.ग. जय माँ सरस्वती रामधुनी मंडली धामनसरा की मंडलियाँ मंचस्थ होंगी तथा कार्यक्रम में मंच संचालक खोमराज पटेल होंगें।

# सामुदायिक वन संसाधन का प्रबंधन अधिकार प्राप्त ग्रामसभा को मनरेगा कार्य का क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



बांधाबाजार (दावा)। वनांचल के सुदूर ग्रामों में कार्यरत सृष्टि संस्था परियोजना कार्यालय ग्राम दक्कोटोला तहसील अम्बागढ़ चौकी में एक दिवसीय 15 अक्टूबर को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रबंधन के वन क्षेत्र में मनरेगा योजना के प्रभावी क्रियान्वन हेतु कार्यशाला का आयोजन ग्राम चिरचारी ग्राम पंचायत सांगली तहसील मोहला में आयोजित किया गया था। उपरोक्त कार्यक्रम में स्वर्गीय रानी दुर्गावती एवं स्वर्गीय लाल श्याम शाह महाराज (परम मोक्ष निवास धाम मोहला) के तैल चित्र पर सृष्टि संस्था के संयोजक केशव गुरनूले मुख्य अतिथि के उपस्थिति में कार्यक्रम के अध्यक्ष लाल सिंह धुर्वे, बाजीराव मांझी, प्रबल सिंह सलामे, कर्मठ जुझारु महिला नेत्री तथा महिला वार्ड पंच श्रीमती जयवंतीन बाई कवडो द्वारा माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर अंबागढ़ चौकी एवं मोहला तहसील के 15 ग्रामों के वन अधिकार समिति तथा सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

ग्रामसभा समिति के पदाधिकारियों ने मंच पर आसीन सभी पदाधिकारियों का पुष्प गुच्छ और गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। संस्था की ओर से जयदेव मोहुले एवं कामता प्रसाद कचलामे ने कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन अनिमेष राय का स्वागत किया। इस अवसर 15 ग्राम के 64 लोगों की सहभागिता थी। ज्ञात है कि ग्राम सभा चीरचारी ने देसी साग सब्जियों की प्रदर्शनी भी लगाए थे। इसके साथ ही ग्राम वन अधिकार समितियो ने अपने समितियों के रिकॉर्ड एवं अन्य दस्तावेजों का प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिसका सूक्ष्म निरीक्षण संस्था के संयोजक केशव गुरनूले एवं परियोजना समन्वयक गायत्री गोविंदवाड तथा कलस्टर समन्वयक धनंजय ठाकरे ने किया।

कार्यक्रम का प्रस्ताविक भाषण परियोजना समन्वयक जयदेव मोहुर्ले ने किया। संस्था संयोजक केशव गुरनूले ने उपस्थित जन समुदाय का हार्दिक अभिनंदन करते हुए अपने उदबोधन में बताया कि वन का इतिहास और गांव की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इतिहास गवाह है कि यह नैसर्गिक संसाधन ईश्वर की संपदा है जिस तरह आदिकाल से गांव की ग्राम सभा वन का प्रबंधन कर रही थी उसे संवैधानिक रूप से प्रबंधन का कार्य शासन प्रशासन कर रहे है। लेकिन अब शासन वन का प्रबंधन ग्राम सभा के माध्यम से करवाने का निर्णय लिया है जो हमारे लिए आने वाली पीढ़ी के लिए सुखद निर्णय है। इससे वनों का विदोहन पर प्रश्न चिन्ह लग जाएगा तथा वन का उचित सरक्षण प्रबंधन संवर्धन होगा। ज्ञात है कि जलवायु परिवर्तन का संतुलन बनाने के लिए वन का होना आवश्यक है। वन के ऊपर निर्भर रहने वाले लोग जीव जंतु तथा जैव विविधता जल जमीन पर आश्रित रहते है जिसकी उत्पादक क्षमता बढ़ेगी। इससे मानव को आय का बड़ा स्त्रोत बनेगा। इसलिए विधिवत कागजी प्रक्रिया करके हमें सामुदायिक वन संसाधन अधिकार को जल्दी लेना चाहिए। उन्होंने लोकतांत्रिक लोक शाही ढांचा की विस्तृत जानकारी देते हुए ग्राम सभा को सबसे बड़ा बताया है। इसलिए वन अधिकार अधिनियम में ग्रामसभा का स्थान सबसे ऊंचा स्थान है। इसलिए सरकार भी ग्राम सभा के नाम से सामुदायिक वन संसाधन के प्रबंधन का अधिकार दे रही है। पश्चात कार्यशाला के स्त्रोत व्यक्ति अनिमेष राय ने अपने मार्गदर्शन के तारतम्य बताया कि ग्रामसभा को ग्रामसभा के नाम पर सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रबंधन अधिनियम मान्यता प्रमाण पत्र मिलने के उपरांत ग्राम सभा को संवैधानिक रूप से सशक्त करना पड़ेगा। ग्रामसभा के अनुकूल महिला पुरुष की कोरम अर्थात सहभागिता बढ़ाना पड़ेगा। वन अधिकार के हर नियम नीति को ग्राम सभा के मापदंड केन्द्र पर बैठकर निर्णय करना पड़ेगा। ग्राम सभा को वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत धारा 4.1(ई) की समिति बनानी होगी। जिसका कार्यकाल तय करना पड़ेगा। गौरतलब है कि उक्त समिति सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रबंधन समिति नाम होगी। जो ग्रामसभा के दिशा निर्देशानुसार कार्य संचालन करेगी। ग्राम सभा के नाम से बैंक खाता खोलना पड़ेगा, आयकर विभाग से पेन कार्ड बनाना होगा। ग्राम सभा द्वारा सीएफआरएमसी के रजिस्टर संधारण पर काम करने की जरूरत होगी। इन तमाम प्रक्रिया को पूर्ण करने के बाद ग्राम को अपने सीएफआरआर के वन क्षेत्र का वन कार्य नियोजन बनाना होगा।

वन कार्य योजना में अंकित कार्य के अनुसार शासन प्रशासन से आर्थिक मदद लेना पड़ेगा। खासकर शासन वर्तमान में मनरेगा के तहत अधिकांश कार्य मनरेगा के साथ जोड़ दिया है। रिसोर्स पर्सन ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को 4 समूह में बांट कर पहले एवं दूसरे ग्रुप को मनरेगा के अंतर्गत वन में किए जाने वाले कार्य नाम लिखने तथा अन्य दो समूह को ग्राम सभा सशक्त करने हेतु ग्रामीणों की भूमिका पर चर्चा सत्र रख दिया। सभी ने बखूबी से चर्चा सत्र में भाग लेकर अपने विचारों को साझा किए थे। कार्यक्रम को सफल बनाने ग्राम सभा एवं वन अधिकार समिति ग्राम चिरचारी का अमूल्य योगदान था। कार्यक्रम को सफल बनाने संस्था के कार्यकर्ता अर्जुन कुमेटी गजाराम धुर्वे सरिता कोरेटी की महत्वपूर्ण भूमिका थी। कार्यक्रम का समापन तथा आभार प्रदर्शन वन अधिकार समिति ग्राम चिरचारी निवासी ने किया।

## पहला कॉलम...

### भारत ने अक्षय ऊर्जा उत्पादन में 200 गीगावाट का आंकड़ा किया पार

नई दिल्ली । भारत ने सितंबर महीने में रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन में 200 गीगावाट का आंकड़ा पार कर लिया है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, रिन्यूएबल एनर्जी आधारित बिजली उत्पादन क्षमता ने सितंबर में 200 गीगावाट का आंकड़ा पार कर लिया। आंकड़ों के अनुसार, कुल रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन 201,457.91 मेगावाट तक पहुंच गया, जिसमें 90,762 मेगावाट सौर ऊर्जा और 47,363 मेगावाट पवन ऊर्जा उत्पादन शामिल है। देश की कुल गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली क्षमता अब कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 46.3 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, बिजली उत्पादन के मामले में राजस्थान 31.5 गीगावाट बिजली के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद 28.3 गीगावाट बिजली उत्पादन कर गुजरात दूसरे नंबर पर और 23.7 गीगावाट के साथ तमिलनाडु तीसरे स्थान पर है। लिस्ट में कर्नाटक का नाम 22.3 गीगावाट बिजली उत्पादन के साथ चौथे स्थान पर आता है। सरकार के अनुसार, देश में 2014 से नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादन में 86 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 193.5 बिलियन यूनिट से बढ़कर 360 बिलियन यूनिट हो गई।

### दिल्ली से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट में बम की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली से बेंगलुरु जा रही अकासा एयर की फ्लाइट में बुधवार को बम मिलने की धमकी मिली। मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, उड़ान को तुरंत वापस आईजीआई एयरपोर्ट भेज दिया गया, जहां वह सुरक्षित रूप से उतर गई। विमान को एक अलग आइसोलेशन बे में रखा गया है। यहां पर यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि फ्लाइट में बम होने की सूचना दोपहर 1.15 मिनट पर मिली। फ्लाइट में कुल 184 लोग सवार थे। वहीं दिल्ली पुलिस का कहना है कि दिल्ली से बेंगलुरु जा रहे अकासा एयर के विमान में बम की धमकी से संबंधित सुरक्षा अलर्ट प्राप्त हुआ। मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, विमान को तुरंत वापस दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर भेज दिया गया, जहां इसे सुरक्षित रूप से उतारा गया। विमान को एक आइसोलेशन बे में रखा गया है और यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। अकासा एयर के प्रवक्ता ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा, '16 अक्टूबर 2024 को दिल्ली से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने वाले और 174 यात्रियों, 3 शिशुओं और 7 चालक दल के सदस्यों को लेकर जाने वाले अकासा एयर के विमान त्तक्क 1335 को सुरक्षा अलर्ट मिला।

### सेंसेक्स व निफ्टी में गिरावट जारी

नई दिल्ली। लगातार दो दिन हरे निशान में खुलने के बाद आज बुधवार को भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला। हफ्ते के तीसरे दिन बीएसई सेंसेक्स 173.52 अंकों की गिरावट के साथ 81,646.60 अंकों पर खुला जबकि एनएसई निफ्टी 50 भी 48.80 अंकों की गिरावट के साथ 25,008.55 अंकों पर खुला। बताते चलें कि मंगलवार, 15 अक्टूबर को घरेलू शेयर मार्केट बढ़त के साथ हरे निशान में खुला था और लेकिन गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ था। बुधवार को कारोबार शुरू होने पर सुबह 9.18 बजे सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 12 कंपनियों के शेयर ही हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि बाकी की सभी 18 कंपनियों के शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह निफ्टी 50 की भी 50 में से 26 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और 24 कंपनियों के शेयर लाल निशान में ट्रेड कर रहे थे।

### पंजाब स्टेट बैडमिंटन में विहान और मनन ने जीता मेडल

चंडीगढ़। पंजाब स्टेट सब-जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में विहान कपूर और उनके डबल्स पार्टनर मनन ने सिल्वर मेडल हासिल किया है। बॉयज डबल्स अंडर-13 वर्ग में दोनों ने पोडियम पर जगह बनाई। स्टेट का आयोजन अबोहर में कया गया था और दोनों को ही कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ा। टीडा स्पोर्ट्स बैडमिंटन एकेडमी के खिलाड़ियों ने किसी को संभलने का मौका नहीं दिया। युवा जोड़ी ने शानदार टीमवर्क और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। विहान कपूर और मनन ने सेमीफाइनल में पंजाब के कुछ शीर्ष खिलाड़ियों को हराकर फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। वे गोल्ड से चूक गए, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में उनके लगातार प्रदर्शन ने उन्हें बैडमिंटन सर्किट में एक होनहार जोड़ी के रूप में स्थापित कर दिया है। यह जीत न केवल दोनों खिलाड़ियों के लिए बल्कि उनकी एकेडमी के लिए भी गौरव की बात है, जहां वे मुख्य कोच दक्ष के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेना जारी रखेंगे। चितकारा इंटरनेशनल स्कूल के छात्र विहान और मनन दोनों उभरती हुई प्रतिभाएं हैं और वे आने वाले समय में कई खिताब हासिल करेंगे।

## आर प्रज्ञानंदा ने 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह



**नई दिल्ली। रमेश बाबू प्रगनानंद ने डब्ल्यू आर चेस मास्टर 2024 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली. उन्होंने 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन विशी आनंद सर को क्वार्टर फाइनल में हराकर सेमीफाइनल में कदम रखा. भारतीय चेस स्टार प्रगनानंद बीते कुछ टूर्नामेंट से अच्छा प्रदर्शन करते हुए नजर आ रहे हैं.**

डब्ल्यू आर चेस मास्टर में प्रगनानंद ने वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद सर को क्वार्टर फाइनल में 2-1 के स्कोर से हराया. अब सेमीफाइनल में उनकी भिड़ंत अर्जुन एरिगैसी से होगी. सेमीफाइनल में जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनान चाहेंगे.

क्वार्टर फाइनल से पहले प्रगनानंद ने मोलदोवा के विक्टर बोलोगन को राउंड-1 में हराया था. राउंड-1 के इस मुकाबले में प्रगनानंद ने विक्टर बोलोगन को 2-0 के स्कोर से हराया और क्वार्टर फाइनल में जगह हासिल की थी. हालांकि अब उन्होंने क्वार्टर फाइनल जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है. अब देखना दिलचस्प होगा कि प्रगनानंद में कहां तक जाते हैं.

वहीं टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव और अलीरेजा फिरोजा के बीच खेला जाएगा. दोनों सेमीफाइनल में जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी फाइनल में एक दूसरे के सामने होंगे.

बता दें कि आर प्रज्ञानंदा ने बड़ी बहन वैशाली को देखकर शतरंज खेलना शुरू किया. प्रज्ञानंदा ने महज तीन साल की उम्र में ही शतरंज खेलना शुरू कर दिया था. लेकिन दिलचस्पी की बात यह है कि प्रज्ञानंदा की वह वैशाली को खेल के करीब इसलिए किया गया था, जिससे उनका टीवी देखने कम हो सके.

प्रज्ञानंदा के पिता ने एक इंटरव्यू में दोनों बच्चों के खेल से लगाव को लेकर कहा था हमने वैशाली को शतरंज में इसलिए लेकर आए ताकि उसकी टीवी देखना कम हो सके. हालांकि फिर दोनों बच्चों को धीरे-धीरे खेल पसंद आया. पिता ने कहा कि खुशी इस बात की है कि दोनों खेल में सफल रहे और दोनों ही बच्चे खेल का आनंद ले रहे हैं.

## नीरज चोपड़ा, मनु भाकर होंगे महिला आयोग के ब्रॉड एंबेसडर, नशे से दूर रहने के लिए करेंगे जागरूक

चंडीगढ़। महिला आयोग ने खेल विभाग से ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक खिलाड़ियों की सूची मांगी है। खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों की सूची तैयार कर दो दिन में महिला आयोग को भेज दी जाएगी। सभी खिलाड़ियों के साथ बातचीत के बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची फाइनल की जाएगी।



युवाओं को नशे से दूर रहने और खेल के प्रति जागरूक करने के लिए हरियाणा महिला आयोग एक विशेष अभियान शुरू करने जा रहा है। इसको लेकर खेलों के क्षेत्र में दुनियाभर में भारत का नाम चमकाने वाले नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, नवदीप श्योराण, प्रणव सूरमा समेत 20 ओलंपियन को आयोग ब्रॉन्ड एंबेसडर बनाने की तैयारी कर रहा है।

महिला आयोग ने खेल विभाग से ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक खिलाड़ियों की सूची मांगी है। खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों की सूची तैयार कर दो दिन में महिला आयोग को भेज दी जाएगी। सभी खिलाड़ियों के साथ बातचीत के बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची फाइनल की जाएगी, लेकिन प्रदेश के 20 ओलंपियन को महिला आयोग का ब्रॉन्ड एंबेसडर बनाना तय है। महिला आयोग की तरफ से 20 अक्तूबर को पानीपत में एक कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। आयोग की तरफ से इन सभी 20 ओलंपियन को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए खिलाड़ियों से संपर्क किया जा रहा है।

## आईसीसी रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को नुकसान, हैरी ब्रूक ने लगाई लंबी छलांग

नई दिल्ली। आईसीसी की ओर से जारी की गई नई टेस्ट रैंकिंग में इस बार कई बड़े बदलाव देखने के लिए मिल रहे हैं। इंग्लैंड के जो रूट ही अभी भी नंबर वन पर बने हैं, साथ ही उनकी रेटिंग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। वहीं इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने कमाल कर दिया है। उन्होंने इस बार की रैंकिंग में जबरदस्त छलांग मारी है। यही कारण है कि भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और पूर्व कप्तान विराट कोहली को हल्का सा नुकसान झेलना पड़ा है।




आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में अभी भी इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट नंबर एक पर हैं। वैसे तो काफी पहले से ही वे इस कुर्सी पर काबिज हैं। लेकिन इस बार उन्होंने अपने टेस्ट करियर की सबसे हाई रेटिंग हासिल कर ली है। उनकी रेटिंग अब 932 की हो गई है, जहां वे पहली बार पहुंचने में कामयाब हुए हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के केन विलियमसन हैं। उनकी रेटिंग 829 की है। यानी पहले और दूसरे नंबर की रैंकिंग में कोई भी बदलाव नहीं हुआ है। हां, रेटिंग में जरूर परिवर्तन दिख रहा है। इस बीच इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने तो इस बार की रेटिंग में कमाल ही कर दिया। जो हैरी ब्रूक पिछले सप्ताह तक टॉप 10 में भी कहीं नहीं थे, वो अब सीधे नंबर दो पर पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। उन्होंने एक साथ 11 स्थानों की छलांग मारी है। उनकी रेटिंग अब 829 की हो गई है। यानी वे केन विलियमसन की बराबरी पर हैं। हो सकता है कि जल्द ही ब्रूक स्वतंत्र रूप से दूसरे नंबर पर भी पहुंच जाएं। हैरी ब्रूक ने अभी हाल में पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान में खेले गए टेस्ट में तिहरा शतक ठोका था, जिसका फायदा उन्हें मिलता हुआ नजर आ रहा है।

भारत के यशस्वी जायसवाल को इस बीच एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे अब 792 की रेटिंग के साथ नंबर चार पर चले गए हैं। स्टीव स्मिथ को भी एक स्थान का घाटा हुआ है। वे अब 757 की रेटिंग के साथ नंबर पांच पर चले गए हैं। उस्मान ख्वाजा भी अब एक स्थान के नुकसान के साथ नंबर 6 पर चले गए हैं। उनकी रेटिंग 728 की है। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को भी इस बीच एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे अब 724 की रेटिंग के साथ नंबर सात पर चले गए हैं। मार्नस लाबुशेन भी एक स्थान नीचे गए हैं। उनकी रेटिंग अब 720 की है।

## भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट का पहला दिन बारिश की वजह से रद्द, मैच का नया टाइम से होगी शुरुआत

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु में खेले जाने वाले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल रद्द कर दिया गया है. बेंगलुरु में भारी बारिश हुई है. इसी वजह से मैच शुरू नहीं हो सका. यहां तक की टॉस भी नहीं हो पाया है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसको लेकर जानकारी शेयर की है. अब टॉस मैच के दूसरे दिन गुरुवार को होगा. बीसीसीआई ने टॉस और मैच का टाइम भी बताया है. भारत-न्यूजीलैंड के बीच बुधवार सुबह 9.30 बजे से टेस्ट मैच शुरू होना था. इसके लिए सुबह 9 बजे टॉस होना था. लेकिन यहां काफी बारिश हुई है.



इसी वजह से टॉस तक नहीं हो सका. बेंगलुरु में रुक-रुक भी बारिश हुई है. अब बीसीसीआई ने मैच और टॉस का नया टाइम बताया है. इस मैच के लिए गुरुवार सुबह 8.45 बजे टॉस होगा. वहीं 9.15 बजे मैच की शुरुआत होगी. मैच का पहला दिन पूरी तरह से धुल गया. बेंगलुरु टेस्ट के दूसरे दिन सेशन का टाइम भी बदल जाएगा. दिन का पहला सेशन सुबह 9.15 बजे से 11.30 बजे तक होगा. वहीं दूसरा सेशन दोपहर 12.10 बजे से दोपहर 02.25 बजे तक होगा. जबकि तीसरा सेशन दोपहर 02.45 बजे से शाम 04.45 बजे तक होगा.

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो विराट कोहली और यशस्वी जयसवाल समेत कई खिलाड़ियों ने मैच के पहले दिन इनडोर प्रैक्टिस की. बारिश की वजह से मैदान काफी गीला था. इसी वजह से खिलाड़ियों ने इनडोर प्रैक्टिस की. कोहली और यशस्वी मैदान से किट बैग ले जाते हुए दिखाई भी दिए थे. यशस्वी और कोहली की प्लेइंग इलेवन में जगह लगभग तय है. यशस्वी को रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग का मौका मिल सकता है.

## भारत की जेन जेड आबादी 2035 तक 1.8 ट्रिलियन डॉलर करेगी खर्च

नई दिल्ली । भारत को एक युवा राष्ट्र माना जाता है। देश की 377 मिलियन आबादी जनरेशन जेड से आती है। जनरेशन जेड देश की कंजप्शन ग्रोथ को लेकर एक बड़े योगदानकर्ता होंगे। बुधवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, जेन जेड 2025 तक 1.8 ट्रिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष खर्च लाने में सक्षम होंगे।

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) के साथ साझेदारी में स्नैप इंक की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में, जनरेशन जेड का प्रत्यक्ष खर्च 250 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। इस समय तक हर दूसरा जनरेशन जेड कमाई कर रहा होगा। जेन जेड की सामूहिक व्यय क्षमता 860 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है, जो 2035 तक 2 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगी। जनरेशन जेड, मिलेनियल्स के बराबर ही खरीदारी करता है। वे अपने खर्च पर 1.5 गुना ज्यादा रिसर्च करते हैं।

स्नैप इंक के भारत में प्रबंध निदेशक पुलकित त्रिवेदी ने कहा, भारत एक युवा राष्ट्र है, जिसकी 377 मिलियन जनरेशन जेड आबादी है, जो अगले दो दशकों में भारत के विकास के भविष्य को आकार देगी। जेन जेड को सेवा देने वाले प्लेटफॉर्म के रूप में हम ब्रांड और बिजनेस के साथ काम करने को तैयार हैं।

लगभग 45 प्रतिशत व्यवसाय जनरेशन जेड की क्षमता को पहचानते हैं, लेकिन केवल 15 प्रतिशत ही सक्रिय रूप से उन्हें संबोधित करने के लिए कार्रवाई करते हैं, जो एक बड़े अवसर का संकेत देता है। स्नैपचैट के डेली एक्टिव यूजर्स में 90 प्रतिशत की आयु 13-34 वर्ष है, जिससे पता चलता है कि यह प्लेटफॉर्म भारत में युवाओं का लोकप्रिय मंच बन गया है।

## अन्तक्षेत्रीय पॉवर कंपनीज टेबल-टेनिस प्रतियोगिता में दुर्ग रीजन के विजेता खिलाड़ियों का मुख्य अभियंता ने किया अभिनंदन



दुर्ग (दावा)। रायपुर में 26 से 28 सितंबर तक आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज अन्तरक्षेत्रीय टेबल-टेनिस प्रतियोगिता में दुर्ग रीजन के विजयी खिलाड़ियों ने क्षेत्रीय मुख्यालय में मुख्य अभियंता एम.जामुलकर एवं क्रीडा परिषद के पदाधिकारियों से सौजन्य मुलाकात की। मुख्य अभियंता एवं क्रीडा परिषद के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का अभिनंदन कर उन्हें बधाई दी। रायपुर में आयोजित प्रतियोगिता में दुर्ग क्षेत्र के रजनीश ओबेराय ने पुरुष सिंगल्स में विजेता की ट्रॉफी हासिल की। पुरुष डबल्स स्पर्धा में दुर्ग के रजनीश ओबेराय एवं बिलासपुर के समीर तिवारी विजेता रहें। इसी तरह टीम इवेंट स्पर्धा में दुर्ग क्षेत्र की टीम उपविजेता रही। उल्लेखनीय है कि दुर्ग रीजन से टेबल टेनिस प्रतियोगिता में तरुण ठाकुर, रजनीश ओबेराय, पी.एल.माहेश्वरी, एम.के. साहू, महेश्वर टंडन, श्रीमती माया चन्द्राकर एवं दिलीप पाठक शामिल हुए।

इस अवसर पर श्री जामुलकर ने खिलाड़ियों को शाबासी देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास ने यह सफलता दिलाई है। अगले वर्ष इस प्रतियोगिता में और बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा अगर हौसला हो तो हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रजनीश ओबेराय एवं पी.एल.माहेश्वरी को राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले अखिल भारतीय विद्युत क्रीडा प्रतियोगिता के लिए प्रदेश की टीम में जगह मिली है। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीडा एवं कला परिषद के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता एच.के.मेश्राम, अधीक्षण अभियंता एस.मनोज एवं ए.के.लखेरा, कार्यपालन अभियंता श्रीमती सनीली चौहान एवं श्रीमती अनसुईया ठाकुर, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी दीपक कुमार डुम्भरे, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संतोष साहू सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## प्रथम पेज का शेष

***किसानों की बल्ले-बल्ले..***

को मजबूत करना होता है। सरकार किसी फसल के लिए जो एमएसपी निर्धारित करती है उससे कम दाम पर फसल को नहीं खरीदा जा सकता। अगर कोई व्यापारी ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। जैसे सरकार ने गेहूं की एमएसपी 2425 रुपये प्रति क्विंटल तय कर दी है तो इससे कम पैसों में फसल खरीदना गैरकानूनी होगा। हालांकि इस दाम के ऊपर फसल को खरीदा जा सकता है।

***भाजपा विधायक दल की बैठक:..***

चंडीगढ़ में रहने के निर्देश दिए थे। इसके बाद सभी विधायक चंडीगढ़ पहुंच गए हैं। आज हरियाणा में शपथ ग्रहण समारोह होगा। यह कार्यक्रम पंचकुला के ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इसमें पीएम मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इसके अलावा कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के आने की भी संभावना है। वहीं, बीजेपी की ओर से विपक्षी दलों के नेताओं को भी न्योता भेजा गया है।

***उमर अब्दुल्ला दूसरी बार बने मुख्यमंत्री ..***

उस वक्त महबूबा मुफ्ती मुख्यमंत्री थीं। 0 नई सरकार में किसकी-कितनी भागीदारी- हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन ने शानदार जीत दर्ज की है, जिसमें नेशनल कॉन्फ्रेंस को 42 सीटें और कांग्रेस को 6 सीटों पर जीत मिली। इसके अलावा निर्दलीय विधायक और एक आम आदमी पार्टी के विधायक ने भी गठबंधन को समर्थन दिया है।

***छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य कर्मचारियो...***

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर राज्य के कर्मचारियों के लिए चार प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) की घोषणा पर उनके प्रति आभार व्यक्त किया द्य प्रतिनिधि मंडल ने मंत्रालय महानदी भवन में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप, खेल मंत्री टंक राम वर्मा, मोर्चा के पदाधिकारी सर्व अनिल शुक्ला, महेंद्र सिंह राजपूत, संजय सिंह, ओ पी शर्मा, तीरथलाल सेन, बालकृष्ण साहू, जितेंद्र सिंह ठाकुर, अशोक कुमार नावरे, भोला राम किर, सूरज प्रसाद देवांगन, संजय तिवारी, आशीष सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

***आश्रितों को मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति,...***

इसके तहत ऐसे शिक्षक (पंचायत) संवर्ग के कर्मचारी जिनकी मृत्यु सेवाकाल में हो गई थी और जिनके आश्रित नियमानुसार अनुकम्पा हेतु पात्र है, उन्हें छत्तीसगढ़ शिक्षक (पंचायत) संवर्ग नियम 2018 के आधार पर पात्रता अनुसार अनुकम्पा नियुक्ति दी जाएगी। ऐसी स्थिति में स्कूल शिक्षा विभाग से पद पूर्ति के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पद प्रदाय करने के पूर्व के आदेश को शिथिल करने का निर्णय भी लिया गया है, ताकि दिवंगत के पात्र आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जा सके।

0 डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों को मिलेगा 18,420 रुपये वेतन- मंत्रिपरिषद की बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में सहकारी समितियों में कार्यरत डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों को 18,420 रुपये प्रतिमाह के मान से कुल 12 माह का मानदेय भुगतान का निर्णय लिया गया। इस पर कुल 60 करोड़ 54 लाख रूपए का व्यय भार आएगा। जिसके भुगतान के लिए पूर्व वर्षों की भांति राशि मार्कफेड को प्रदाय की जाएगी। वहीं विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित प्रकरणों को जनहित में न्यायालय से वापस लिये जाने के संबंध में गठित मंत्रिपरिषद की उपसमिति द्वारा अनुशंसित 49 प्रकरणों को न्यायालय से वापस लिए जाने का निर्णय लिया गया है।

0 पुलिस भर्ती में 5 साल की छूट - मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 2021 के नियम 8 (2) में सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर के पद पर नियुक्ति हेतु भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में केवल एक बार के लिए अभ्यार्थियों की निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सभी छूटों को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

0 पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति देखेगी काम - राज्य के सभी ग्राम पंचायतों के प्रत्येक घर में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु छत्तीसगढ़ ग्रामीण पेयजल संचालन एवं संधारण नियम, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जिसके तहत पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति अपने दायित्वों के साथ-साथ ग्रामीण पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं संधारण का कार्य भी देखेगी। ग्राम सभा के अनुमोदन से जल प्रभार का निर्धारण के अलावा नये कनेक्शन का निर्णय, वित्तीय प्रबंधन, मरम्मत, पेयजल गुणवत्ता का निर्धारण एवं शिकायतों का निराकरण करेगी।

0 दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों का राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार - लोकनायक जयप्रकाश नारायण (मीसा/डी.आई.आर. राजनैतिक या सामाजिक कारणों से निरूद्ध व्यक्ति) सम्मान निधि नियम, 2008 में संशोधन का अनुमोदन किया गया। जिसके तहत दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों का राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्ठि की जाएगी तथा अंत्येष्ठि के लिए उनके परिवार को 25 हजार रूपए की सहायता राशि दी जाएगी।

0 विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज का किया गया अनुमोदन- वहीं देशी/विदेशी मदिरा बोतलों पर चस्पा किये जाने हेतु एक्साइस अधेसिव लेबल होलोग्राम में अधिक सुरक्षात्मक फीचर्स उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार के उपक्रम भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, नासिक रोड (महाराष्ट्र) से होलोग्राम क्रय करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य की औद्योगिक नीति 2019-24 के तहत स्टील डाउन स्ट्रीम प्रोजेक्ट्स, एथेनॉल इकाईयों एवं कोर सेक्टर के सीमेंट उद्योगों के लिये विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज के निर्धारण का अनुमोदन किया गया।

## फ्यूल टैंकर पलटने से विस्फोट, 94 लोगों की हुई मौत

नई दिल्ली। नाइजीरिया के जिगावा राज्य में एक दर्दनाक हादसे में करीब 94 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई. ये दुर्घटना माजिया कस्बे में हुई. पुलिस के मुताबिक एक गैसोलीन टैंकर पलट गया जिसके बाद टैंकर में भीषण विस्फोट हो गया. बताया जा रहा है कि टैंकर चालक ने खादीजा विश्वविद्यालय के पास अचानक से वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था, जिसके चलते टैंकर पलट गया और उसमें विस्फोट हो गया. इस दौरान दर्जनों लोग पलटे हुए टैंकर से ईंधन लेने के लिए वाहन की तरफ दौड़ पड़े और विस्फोट की चपेट में आ गए. पुलिस प्रवक्ता लावन एडम ने बताया कि इस हादसे में करीब 50 से ज्यादा लोग गंभीर रूप जख्मी हो गए. जिन्हें रिंगिम जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है.

### टैंकर पलटने से हुआ विस्फोट

इस घटना से तारों तरफ अफरा-तफरी मच गई. ये विस्फोट मंगलवार आधी रात को हुआ. प्रवक्ता एडम ने बताया कि लोग लटे हुए टैंकर से ईंधन निकाल रहे थे, जिससे भीषण आग लग गई और 94 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना में जख्मी हुए लोगों को भर्ती कराया. बताया जा रहा है कि जख्मी लोगों की हालत भी गंभीर बनी हुई है, ऐसे में मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है. इस दर्दनाक हादसे से चारों तरफ चीख पुकार मच गई.

मौके पर ही लोग जिंदा जल गए. इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में मातम छा गया है. वहीं सभी मृतकों का अंतिम संस्कार बुधवार को एक साथ किया गया. पुलिस के मुताबिक विस्फोट इतना तेज था कि चारों तरफ आग फैल गई. आग की लपटें दूर दूर तक फैल गई. चारों तरफ धुएं का गुबार नजर आ रहा था. मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया. हालांकि तब तक बहुत देर हो चुकी थी और कई लोगों की आग में जलकर मौत हो गई. इस हादसे से पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है.

# नगर पालिका निर्वाचन के अंतर्गत मतदाता सूची का किया गया प्रारंभिक प्रकाशन

**कलेक्टर ने प्रेस वार्ता में नगर पालिका निर्वाचन एवं पंचायत निर्वाचन के संबंध में दी जानकारी**



मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जय.जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नगर पालिका निर्वाचन एवं पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने प्रेस वार्ता में बताया कि नगर पालिका निर्वाचन के अंतर्गत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर लिया गया है। बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन एवं लोकसभा निर्वाचन के मतदाता सूची को आधार मानकर नगर पालिका निर्वाचन एवं पंचायत निर्वाचन के लिए मतदाता सूची तैयार किया जा रहा है। नगर पालिका निर्वाचन के लिए आज 16 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है।

23 अक्टूबर तक प्रारंभिक मतदाता सूची संबंध में दावा आपत्ति प्राप्त किया जायेगा। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि सभी नागरिक प्रारंभिक मतदाता सूची का अवलोकन कर लेवें। मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर दावा आपत्ति कर सकते हैं। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो वे भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपने विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक नामावली में नाम शामिल करना होगा। मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन अथवा विलोपन के लिए भी दावा आपत्ति कर सकते हैं। नगर पालिका निर्वाचन के अंतर्गत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 नवंबर को किया जाएगा।

इसी प्रकार पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर को किया जाएगा। पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 25 नवंबर को किया जाएगा। कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि हर एक नागरिक को मतदान का अधिकार प्रदत्त किया गया है। कोई भी मतदाता मतदान करने से ना छूटे यह प्राथमिकता में शामिल किया गया है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत मतदाता अपने संबंधित मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदाता सूची का अवलोकन कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं होने, एक से अधिक स्थान में नाम होने, एक स्थान से दूसरे स्थान पर परिवर्तन के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत कुल 15 वार्ड शामिल है। इनमें कुल मतदाताओं की संख्या 7376 है इनमें पुरुष मतदाता की संख्या 3450 एवं महिला मतदाता की संख्या 3926 है। पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत जिले में कुल 185 ग्राम पंचायत है। जहां सरपंच पद के लिए निर्वाचन होगा। पूर्व निर्वाचन के अनुसार जिले में 2416 पंच पद के लिए निर्वाचन हुआ था। वर्तमान में जिला मोहला-मानपुर के अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 47 एवं जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 07 है। नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के लिए परिसीमन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

# केशाल में नवीन धान खरीदी केन्द्र की मांग



**जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष से की मुलाकात**

**डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम केशाल में किसानों की सुविधा को देखते हुए नवीन धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग की जा रही है।**

मिली जानकारी के अनुसार आ.जाति सेवा सहकारी समिति जोशीलमती के अंतर्गत तीन ग्राम पंचायतों की सहमति के आधार पर ग्राम केसाल, दैहान, गर्रापार को मिलाकर ग्राम केशाल में नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग को लेकर जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना के नेतृत्व में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल मुलाकात की। इस दौरान प्रमुख रूप से सरपंच घनश्याम साहू, कीर्तन लाल, तिलोचन राम, उमाशंकर, रामदेव चंद्रवंशी, देवदास, विजय कुमार, भीषण दास आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

इसके पूर्व सांसद संतोष पांडे एवं जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, अध्यक्ष सचिन बघेल, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव से इस मांग को रखा गया था, जिसमें उनके आश्वासन पश्चात ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम केशाल में 10 लाख रु. खर्च कर मैदान समतलीकरण कार्य पूर्ण किया गया है और अपेक्षा की जा रही है कि शीघ्र ही यहाँ खरीदी केन्द्र खोले जाने की तैयारी होगी।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था तार-तार - चुम्मन साहू



छुरिया (दावा)। जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश का जिला बलौदाबाजार, कवर्धा के बाद सूरजपुर जिला जल रहा है और प्रदेश के फेलवर गृहमंत्री विजय शर्मा कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करने के बजाय उलजुलूल बयानबाजी कर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहे हैं। जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने सूरजपुर में प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या के मामले में तल्ख शब्दों में बयान जारी करते हुए कहा कि आरोपी कोई भी हो और किसी से भी वास्ता रखता हो उस पर कठोर कार्यवाही करने से गृहमंत्री को किसने रोका है।

इससे पहले भी बलौदाबाजार में कलेक्ट्रेट को आगजनी के हवाले किया गया और कवर्धा के लोहारीडीह में भी इसी तरह की घटना घटित हुई। पूरे मामले में कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने के बजाय प्रदेश के फेलवर गृहमंत्री केवल बयानबाजी करते रहे और अधिकारियों को बलि का बकरा बनाया गया जबकि इसकी पूरी जिम्मेदारी सबसे पहले गृहमंत्री पर बनती है जिन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आखिर इतनी खुली छूट क्यों दे रखी है, चिंता का विषय है। जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने कहा कि शांति का यह प्रदेश में घट रही घटनाओं को भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री और उनके गृहमंत्री को कड़ी कार्यवाही करना चाहिए जबकि ये नेता केवल उलजुलूल बयानबाजी कर घटना पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं। चुम्मन साहू ने साफ तौर पर कहा है कि अपराध और अपराधी किसी के नहीं होते उन पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की सभी राजनैतिक दल और जनप्रतिनिधि खुली वकालत करते है। इसमें कोई किंतु-परंतु जैसा विषय ही नहीं है।

# साहित्य समिति ने दी शिक्षाविद् डॉ. हेमलता महोबे व चंद्रकुमार जैन को श्रद्धांजलि





**संस्कारधानी ने एक महान शिक्षाविद व साहित्यकार को खो दिया**

राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि पर्व की नवमी तिथि को संस्कारधानी नगरी की महान शिक्षाविद् डॉ. हेमलता महोबे मातारानी की गोद में हमेशा - हमेशा के लिए सो गई। इससे शिक्षा जगत की अपूरणीय क्षति बताते हुए छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के कवि साहित्यकारों और लोककला धर्मियों ने इन दिवंगत मातृ शक्तियों के प्रति शोक संवेदना जाहिर करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

साहित्य समिति के अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक, वरिष्ठ कवि/ साहित्यकार आत्माराम कोशा अमात्य ने शिक्षाविद डॉ हेमलता महोबे सहित साहित्यकार डॉ चंद्रकुमार जैन के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए सुश्री महोबे को अपने जीवन काल में शिक्षा के प्रति अपने कर्तव्यों का भलिभांति निर्वहन करने वाली विदूषी महिला बताया और कहा जब भी किसी विषय पर उसे असहजता की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी तो उनसे मिलकर जानकारी लेने उनके यहां अवश्य पहुंच जाता था। साहित्यकार गिरीश ठक्कर ने सुश्री महोबे के निधन को संस्कारधानी का एक महान शिक्षाविद् का खो जाना बताया। श्री कोशा अपने कवि/साहित्यकार साथी गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय', मानसिंह मौलिक आदि के साथ जहां डॉ हेमलता महोबे की अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है वहीं नगर के संगीतकार गोविंद साव की माता श्रीमती अनुसूइया साव के निधन पर ममता नगर स्थित निवास स्थान में पहुंचकर उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें भावपूरित शोकांजलि दी और कहा कि शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता गुणेंद्र साव (गुल्लु) की बहन श्रीमती अनुसूईया साव एक धर्मपरायण महिला थी। सबसे अपनत्व व्यवहार के लिए जाना जाने वाली श्रीमती साव का निधन निश्चित ही आत्मीय जनों को गहरा दु:ख पहुंचाने वाला है।

बता दें कि नवरात्रि पर्व के ठीक एक दिन पहले सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी के अलावा संगीतकार स्व. खुमान लाल साव, देवीलाल नाग, आचार्य सरोज द्विवेदी व क्रांतिकारी कवि कुंजबिहारी चौबे को कृतज्ञता पूर्वक याद करते हुए उन्हें कबीर भजनों के माध्यम से पुण्यांजलि अर्पित की गई थी। अब नवरात्रि पर्व पर शहर की शिक्षाविद् डॉ. हेमलता महोबे सहित ममतामयी माता श्रीमती अनुसुइया साव के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए समस्त कला/साहित्य धर्मियों ने दिवंगत आत्माओं को शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

इस शोकांजलि अवसर पर श्री कोशा, सहित गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय', मानसिंह 'मौलिक', ओमप्रकाश 'अंकुर', रौशन साहू, मदन मंडावी, पवन पहुंना, डोहरुराम, लोकगायक महादेव हिरवानी, भागवत सिन्हा, दिनेश साहू, मनहरण साहू मनु, मुरलीशरण दास वैष्णव, मुकुन्द साहू, बृजलाल साहू, भुवन साहू, डॉ. एल.सी. ठाकरे, पन्नालाल जंघेल, सतीश साहू, मुकेश बघेल, वार्ड पार्षद संतोष पिल्ले आदि ने मृतात्माओं के प्रति शोक संवेदना जाहिर की और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उक्ताशय की जानकारी लोककला एवं साहित्य धर्मी रोशन साहू मोखला ने दी है।

# युवाओं के लिए नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

मोहला (दावा)। जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला - मोहला- मानपुर-अंबागढ चौकी जिले के सभी विकासखंड में राज्य शासन के निर्देशानुसार 14 से 45 वर्ष के युवाओ को उनके रूचि के अनुसार नि.शुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 14 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक शिविर का आयोजन करने जा रहा है। जिसमे विभिन्न प्रकार के कोर्स शामिल है जैसे की- डोमेस्टिक डेटा ऐंट्री आपरेटर (कंप्यूटर), टेलर(सिलाई), मेसन जनरल, वर्मी कंपोस्ट, गार्डनर, इलेक्टिशियन, वेल्डिंग, फिल्ड टेक्निशियन, मशरूम ग्रोवर, सुर्यमित्र (सोलर), टेलीकॉम टेक्निशियन, जल वितरण संचालक एवं अन्य कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु युवा अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर अपना पंजीयन शिविर मे उपस्थित विभागो मे करवा सकते है। शिविर दिनांक 16 अक्टूबर को बांधा बाजार (ग्राम पंचायत भवन) 17 अक्टूबर को गोटाटोला (ग्राम पंचायत भवन) 18 अक्टूबर को ईरागांव (ग्राम पंचायत भवन) 21 अक्टूबर को चिल्हाटी (ग्राम पंचायत भवन) 22 अक्टूबर को मोहला (जनपद पंचायत) 23 अक्टूबर को खडगांव (ग्राम पंचायत भवन) 24 अक्टूबर को चौकी (जनपद पंचायत) 25 अक्टूबर को दनगढ़ (ग्राम पंचायत भवन) 28 अक्टूबर को मानपुर (जनपद पंचायत) मे समय प्रातः 10 बजे से 03 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

# छत्तीसगढ़ में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए प्रदेश शासन की गलत नीति दोषी

**डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश में हाल ही में हुई हिंसक घटनाओं और कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की जा रही है। सुरजपुर में एक प्रधान आरक्षक के परिवार की निर्मम हत्या और उसके बाद उत्पन्न घटनाओं ने पूरे प्रदेश को हिला कर रख दिया है। इसी प्रकार, बलोदा बजार एवं कवर्धा के लोहारीडीह में भी हिंसक घटनाओं के बाद लोगों ने आगजनी की।**



इन घटनाओं से प्रदेश की जनता का सरकार और प्रशासन पर से भरोसा टूटता दिखाई दे रहा है। लोगों के मन में कानून व्यवस्था को लेकर असंतोष इस कदर बढ़ चुका है कि वे स्वयं न्याय करने के लिए विवश हो रहे हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि राज्य की स्थिरता और शांति के लिए भी एक बड़ा खतरा उत्पन्न कर रही है। आगजनी और हिंसा की घटनाएं लगातार हो रही हैं, जिससे आम जनता में भय का माहौल है।

### शांति और संयम की अपील

छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे शांति और संयम बनाए रखें। किसी भी परिस्थिति में कानून को अपने हाथ में न लें। किसी भी समस्या का समाधान हिंसा से नहीं, बल्कि शांति और कानूनी प्रक्रिया से ही संभव है। विष्णु लोधी ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं, ताकि प्रदेश में कानून व्यवस्था बहाल हो सके और लोगों का सरकार और पुलिस पर भरोसा पुनः स्थापित हो सके।

# मंदिर स्थापना जगराता एवं महाप्रसादी भंडारा कल



**राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय स्टेशनपारा, सोलाखोली में विराजित माँ शक्ति के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 17 अक्टूबर को विशेष पूजा-अर्चना पश्चात छत्तीसगढ़ अंचल के सुप्रसिद्ध लोक गायक खिलेश यादव दुर्ग एवम सोहेल रंगारी (राजनांदगांव) एवं उनकी टीम द्वारा संध्या 07 बजे से जगराता कार्यक्रम किया जाएगा।**

आयोजन समिति द्वारा शहर के सभी जगराता प्रेमीजनों से उपस्थिति की अपील की गई है। आयोजन के क्रम में 18 अक्टूबर को संध्या समय मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा महाप्रसादी का आयोजन किया आएगा।

आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री संजू बघेल द्वारा अधिकाधिक सँख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

# संस्कारधानी में अन्नकूट 2 नवंबर को होगा

**आचार्यों एवं समिति की बैठक में लिया गया निर्णय**

राजनांदगांव (दावा)। इस वर्ष दीपावली त्यौहार मनाने को लेकर संशय की स्तिथि है, अनेक विद्वान आचार्य विभिन्न पंचांग के अनुसार 31 अक्तूबर तो अनेक विद्वान आचार्य 01 नवम्बर को दीपावली का त्यौहार मनाने का तर्क दे रहे है। नगर के अनेक मंदिरों में दीपावली के दूसरे दिन अन्नकूट प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। दीपावली की तिथि के संशय को देखते हुए अन्नकूट महोत्सव करने पर भी दुविधा की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

जिसका समाधान निकालने हेतु श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया के आग्रह पर संस्कारधानी नगरी के प्रमुख मंदिरों के आचार्यों एवं समिति सदस्यों की एक बैठक कल श्री सत्यनारायण धर्मशाला में आयोजित की गई।

बैठक में श्री सत्यनारायण मंदिर के आचार्य पंडित कालूराम शास्त्री, समिति के अशोक लोहिया, सुरेश अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, श्याम खंडेलवाल, लक्ष्मण लोहिया, बालाजी मंदिर पुराना गंज मंडी के संतोष हुंका, बिसन अग्रवाल, नंदू भूतड़ा, पंडित गया प्रसाद मिश्र, जलाराम राम मंदिर के पंडित मनोज शांतिलाल शुक्ला, मोतीनाथ मंदिर के अरुण खंडेलवाल, लक्ष्मीनारायण मंदिर के आशीष गांधी, गणेश मंदिर मिथिलाधाम के अशोक चौधरी, महाकाल मंदिर सिंघोला के पवन डागा, श्री रामदेव बाबा मंदिर के आचार्य शरद तंवर, श्री महालक्ष्मी मंदिर के मनीष शर्मा, उमेश चंद शर्मा एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शरद अग्रवाल उपस्थित हुए। सभी ने गहन विचार विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि दीपावली का त्यौहार चाहे 31 अक्टूबर को मनाया जाए, चाहे 01 नवम्बर को। अन्नकूट महोत्सव पूरे शहर में एक ही दिन 02 नवंबर को ही मनाया जाएगा। उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने इस बैठक के आयोजन के लिए श्री सत्यनारायण मंदिर समिति की प्रशंसा की एवं आगे भी ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर सर्वानुमति से एक तिथि तय करने बैठक आयोजित करने का सुझाव दिया। आभार संतोष हुंका ने व्यक्त किया।

# सलीम राज वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव (दावा)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान बीबा ने सलीम राज के छत्तीसगढ़ प्रदेश के वक्फ बोर्ड अध्यक्ष बनने पर खुशियों का इजहार किया है। उन्होंने कहा कि सलीम राज के दीर्घकालिक अनुभवों का फायदा बोर्ड को मिलेगा। गौरतलब है कि सलीम राज पहले भी छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के सदर रहे हैं।**



**अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मो. इमरान बीबा ने दी बधाई**

उनकी सियासी पहुंच काफी ऊपर तक है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के वे खासम खाश माने जाते हैं। वे समाज में काफी गहरी पैठ रखते हैं। समाज में उनकी लोकप्रियता की कोई सीमा नहीं है। वे सर्व मान्य नेता के रूप में भी जाने पहचाने जाते हैं। गरीबों के हित में उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार वक्फ बोर्ड अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्ताव लाया गया। इसके बाद सलीम राज को सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष चुने गए। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष गुलाम मिन्हाजुद्दीन के खिलाफ कांग्रेस सरकार के समय नियुक्त वक्फ बोर्ड के सदस्य इमरान मेमन, पूर्व विधायक खुज्जी, फिरोज खान, फैसल रिज़वी और भाजपा सरकार में नियुक्त सदस्य सलीम राज ने वर्तमान राज्य शासन के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। अविश्वास प्रस्ताव के लिए दशरथ लाल साहू पिछड़ा वर्ग और अल्प संख्यक विकास विभाग पीठासीन अधिकारी नियुक्त किए गए थे।

# बजरंग दल एवं गौ सेवा दल ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**समस्या दूर नहीं हुई तो होगा घेराव**

डोंगरगांव (दावा)। निकाय क्षेत्र के करियाटोला स्थित गौठान में अव्यवस्था का आलम है और इसे लेकर वार्डवासी लगातार नगर पंचायत को अवगत कराते रहे हैं. इस विषय को लेकर एक बार पुनः बजरंग दल एवं गौ सेवा दल ने मुख्य पालिका अधिकारी डोंगरगांव को ज्ञापन सौंपा है जिसमें बताया कि करियाटोला गौठान में बिजली, पानी एवं तार फेंसिंग की समस्या लगातार बनी हुई है इसे पूर्व में भी अवगत कराया गया था बावजूद इसके आज पर्यन्त इसकी व्यवस्था नहीं हो पाई है. गौठान में अव्यवस्था के चलते पशुपालकों को पशु पालन एवं पशुओं को व्यवस्थित रखने में अनेक समस्या का सामना करना पड़ रहा है. ज्ञापन में चेतावनी देते हुए बताया गया है कि आगामी सात दिवस के अंदर करियाटोला गौठान में सुधार कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो बजरंग दल एवं गौ सेवा दल नगर पंचायत कार्यालय का घेराव करेगी. ज्ञापन सौपने के दौरान प्रमुख रूप से नीलोत्पल ठाकुर, सिद्धम चोपड़ा, प्रिंस रजक, अमन कुँवर, सरमन सोनी, नितेश सोनकर, प्रतीक साहू, ललित यादव, रूपेश यादव, पूनम यादव, अलेक, उत्कर्ष यादव बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# एनबीआईएस, बोरी में तीन दिवसीय 'कार्निवल' का वृहद शुभारंभ




राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक विकास हेतु तीन दिवसीय ''इकोस ऑफ टैलेंट'' कार्निवल का शुभारम्भ किया गया। इस कार्निवल के शुभारम्भ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डाक्टर सतीश वासनिक एवं विशेष अतिथि डाक्टर सुजाता वासनिक तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में एनबी ग्रुप के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी रहे। कार्निवल का प्रारंभ सर्वप्रथम ज्ञान तथा कला की देवी मां सरस्वती की पूजा, सभी सम्माननीय अतिथियों द्वारा की गई।

तीन दिवसीय आयोजित होने वाले इस कार्निवल में कक्षा नर्सरी से नवमीं एवं ग्यारहवीं तक के बच्चे भाग ले रहे हैं, जिसमें प्रत्येक कक्षा अनुरुप विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न करायी जायेगी। इन प्रतियोगिताओं में फन एंड फिटनेस चैलेंज, बैटल ऑफ ब्रेन, शब्द सृजन, वर्ड विवर्स, विसिनरी वाइब्स के साथ नृत्य, गीत, अभिनय तथा वाद्य यंत्र वादन प्रतियोगिता रखी गयी है।

तीन दिवसीय इस कार्निवल प्रतियोगिता में पहले दिन विभिन्न प्रकार के खेलों के साथ, क्विज कॉम्पटीशन तथा हिन्दी शब्द सृजन प्रतियोगिता रखी गयी है। दूसरे दिन वाद - विवाद प्रतियोगिता के साथ आर्ट (ड्राइंग एवं क्राफ्ट) एवं स्पीच प्रतियोगिताएं रखी गयी हैं। तृतीय अंतिम दिवस इस कार्निवल में गायन, वादन, नृत्य तथा अभिनय को जोड़ा गया है। इस तीन दिवसीय ''इकोस ऑफ टैलेंट'' कार्निवल का प्रमुख उद्देश्य बच्चों की आंतरिक प्रतिभा को उभारना है ताकि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चें अपनी प्रस्तुति बिना किसी संकोच के दे सके। एनबीआईएस शाला परिवार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहा है, जहां बच्चों को न केवल शिक्षा अपितु संस्कार युक्त शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास कराया जाता है। इस कर्निवल में शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन श्री नितिन चौहान, शिक्षक तथा बच्चे उपस्थित रहें।

# छत्तीसगढ़ के विकास पुरुष है डॉ. रमन, जिंदाबाद के लगाये नारे- सीएम साय

## प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, हास्य कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, गीत एवं गजल गायिका डॉ. सुमन दुबे, वीर रस की कवयित्री कविता तिवारी, हास्य कवि दिनेश बावरा ने अपनी कविताओं से समां बांधा



**मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने विराट कवि सम्मेलन में शिरकत की**



राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में शिरकत की। मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों ने देर रात्रि तक कवि सम्मेलन में कविता पाठ का आनंद लिया। मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने सभी कवियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीमती सीमा गर्ग द्वारा लिखित ''हमारी संस्कृति हमारी धरोहर'' किताब का विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, हास्य कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, गीत एवं गजल गायिका डॉ. सुमन दुबे, वीर रस की कवयित्री कविता तिवारी, हास्य कवि दिनेश बावरा ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया। कविता, गीत, गजल एवं हास्य कविताओं के इस खुशनुमा लम्हों के राजनांदगांव नगरवासी साक्षी बने।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके स्वस्थ, सुदीर्घ, खुशहाल एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि आज 15 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। डॉ. रमन सिंह छत्तीसगढ़ के विकास पुरूष हैं, उन्होंने 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ की सेवा की है। उनका जन्मदिन मनाने के लिए राज्य के मंत्री, सांसद, विधायक और दूर-दूर से जनप्रतिनिधिएवं जनसामान्य एकत्र हुआ है। मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव की भूमि को प्रणाम करते हुए कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जन्म कबीरधाम जिले में हुआ था, लेकिन संस्कारधानी राजनांदगांव उनकी कर्मभूमि है। राजनांदगांव की जनता ने उन्हें विधायक, सांसद, केन्द्रीय मंत्री, तीन बार मुख्यमंत्री और वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया, लेकिन उसे संवारने और गढने् का कार्य डॉ. रमन सिंह ने किया और 15 वर्षों में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ। वे गरीब एवं जरूरतमंदों के लिए चऊरवाले बाबा के नाम से जाने गए। यही कामना है कि आगे भी उनका मार्गदर्शन मिलता करते रहे। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि आज देश के सुप्रसिद्ध कवियों का कविता पाठ सुनने का अवसर मिलेगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज सुबह से रात तक रायपुर से राजनांदगांव तक सभी ने जन्मदिन पर जो स्वागत किया उसके लिए अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले ने उन्हें एक नई पहचान दी है और परिवर्तन की यात्रा राजनांदगांव की धरती से प्रारंभ हुई, जिसके लिए उन्होंने सभी का आधार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की धरती में जो कोई आता है, उसका विकास होता है। उन्होंने कहा कि राजा घासीदास और बलराम दास ने राजनांदगांव शहर का आधार रखा और इस नगरी की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान है। यह नगरी साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र, गजानंद माधव मुक्तिबोध की नगरी है। यहां नंदूलाल चोटिया, कुंज बिहारी चौबे और गणेश खरे जैसे साहित्यकार रहे है। यहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह ने राजनांदगांव में जन्म लेकर स्वतंत्रता के लिए आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने सफल फिल्मकार किशोर साहू, दाऊ खुमान साव, दाऊ मंदरा जी जैसी हस्तियों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव मेरा अभिमान और मेरा स्वाभिमान है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय किसानों के जीवन में परिवर्तन लेकर आये है। उन्होंने किसानों के लिए जो घोषणा की उसका क्रियान्वयन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 3100 रूपए में धान खरीदी, 21 क्विंटल धान खरीदी, दो साल का बोनस, 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित कर रहे हैं।

प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास ने एक से बढ़कर एक कविताएं सुनाई, जिसे सुनकर श्रोता अभिभूत हुए। हास्य कवि दिनेश बावरा एवं पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे की कविताओं ने श्रोताओं को खूब हंसाया। पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे ने अपने हास्य व्यंग्य के चिर परिचित अंदाज में छत्तीसगढ़ी में कविता सुनाई। कार्यक्रम के प्रारंभ में वीर रस की कवियित्री सुश्री कविता तिवारी ने माँ शारदा की वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री विजय शर्मा, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री टंकराम वर्मा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यन्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल, वाणिज्य-उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन देवांगन, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब, सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रेमप्रकाश पाण्डेय, महेश गागड़ा, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी व बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।

# लॉरेंस बिश्नोई के करीबी अमन साहू गैंग के टारगेट में छत्तीसगढ़ के 12 कारोबारी

रायपुर। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के करीबी अमन साहू को रायपुर पुलिस ने पांच दिन की रिमांड पर लिया है। पूछताछ में कई अहम राजफाश हो रहे हैं। तेलीबांधा और छत्तीसगढ़ के लगभग 12 कारोबारी गैंगस्टर के निशाने पर हैं। अब पुलिस उनके बारे में भी जानकारी जुटा रही है। बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा और रायपुर के कोयला कारोबारी और ठेकेदार निशाने पर हैं। कई पर लेवी वसूलने के लिए गोलीबारी भी की गई है। झारखंड में जिनका काम चल रहा है, उनसे रंगदारी वसूलने के लिए लगातार फोन कर धमकी दी जा रही। लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू गैंग के जेल में बंद होने के बाद बाहर का पूरा काम कनाडा में बैठकर मयंक सिंह ही संभाल रहा है। लॉरेंस बिश्नोई के निर्देश के बाद वह फिरौती, हत्या, अपहरण जैसी वारदात के लिए गुर्गे उपलब्ध करवाता है। वहीं, अमन साहू का फेसबुक अकाउंट सुनील मीणा नाम का व्यक्ति मलेशिया से चला रहा।

### अमन के फेसबुक में पोस्ट की गई तस्वीर

कनाडा में बैठे मयंक सिंह ने अपने फेसबुक अकाउंट में अमन साहू को रायपुर क्राइम ब्रांच में लाने के दौरान की फोटो शेयर की गई है। इसके अलावा अमन का फेसबुक अकाउंट मलेशिया से सुनील राणा चला रहा। उसके द्वारा भी दूसरी एक फोटो अमन की शेयर की गई है। दोनों फोटो में जय श्री राम लिखा गया है।

### पुलिस के पास पहुंच रही शिकायतें

मिली जानकारी के अनुसार अमन साहू के रायपुर लाए जाने के बाद यहां के बड़े कारोबारियों ने लिखित में शिकायत की है। उनके पास भी गैंग के नाम से रंगदारी की मांग की गई है। कुछ दिन पहले बिलासपुर के एक कारोबारी ने थाने में शिकायत की थी। रंगदारी नहीं देने वालों को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है।

### 17 साल की उम्र से अपराध की दुनिया में

17 साल की उम्र में ही अमन साहू ने अपराध की दुनिया में कदम रख दिया था। अमन (29) मूलतः रांची के छोटे से गांव मतबे का रहने वाला है। सबसे पहले वह नक्सलियों के संपर्क में आया और उनके लिए काम करने लगा। वह हथियार सप्लाई करने का काम करता था। वह उनके लिए शहरी नेटवर्क का काम करता था। कुछ समय वह जंगल में हथियार लेकर घूमा। पहली बार उसने 2012 में नक्सलियों की ओर से बंदूक चलायी और हार्डकोर नक्सली बन गया। इस दौरान वह मयंक सिंह, सुनील मीणा और सुजीत सिंह के संपर्क में आया। तीनों 2013 में नक्सली बेड़े से भागे और अपना गैंग बनाया। कुछ दिनों बाद ही वे बिल्डरों और ब? ठेकेदारों से रंगदारी वसूलने लगे। इस बीच पुलिस की छापेमारी से बचने मयंक सिंह मलेशिया शिफ्ट हो गया। सुनील मीणा भी सिंगापुर में और सुजीत पुर्तगाल चला गया है। तीनों विदेश से गैंग को ऑपरेट कर रहे हैं।

# आज गंज चौक में जैनाचार्य श्री विद्यासागर चौक लोकार्पण समारोह

राजनांदगांव (दावा)। आज 16 अक्टूबर गुरुवार को पुराने गंज चौक का नामकरण श्री विद्यासागर चौक रखने हेतु लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया है। गुरूवार को प्रातः 11:30 बजे आयोजित उक्त नामकरण लोकार्पण महापौर हेमा देशमुख के हाथों किया जाएगा। इस अवसर पर मुनि 108 श्री आगमन सागर, पुनीत सागर तथा एक धैर्य सागर महराज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बता दें कि गत 6 अक्टूबर को गंज चौक में महापौर के हाथों अहिंसा द्वार का भूमिपूजन सम्पन्न किया गया था। आज उक्त चौक का नामकरण लोकार्पण समारोह आयोजित हैं।

इस संबंध में दक्षिण ब्लाक शहर कांग्रेस के सूर्यकांत जैन ने बताया कि गंज चौक में आयोजित लोकार्पण समारोह में यहां प्रतिष्ठित नागरिक व वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख सहित जैन समाज के लोगों की भी उपस्थिति बनी रहेगी। शरद पूर्णिमा प्रसंग पर आयोजित इस नामकरण लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती हेमा देशमुख होंगी। अध्यक्षता नगर निगम सभापति हरिनारायण धकेता करेंगे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु व वार्ड पार्षद राजेश जैन रानू, मधु बैद व जैन समाज के अशोक झांझरी उपस्थित रहेंगे। सूर्यकांत ने इस अवसर पर समस्त जैन समाज के लोगों सहित आम जनों को उपस्थित होने की अपील की है।

# वन खेल महोत्सव के शुभारंभ में पहुंचे क्रिकेटर सूर्यकुमार, बोले- जय जोहार रायपुर, फिर कहा- यहां चारों तरफ



रायपुर। अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आतिशबाजी के साथ शुभारंभ हो चुका है। प्रतियोगिता का समापन 20 अक्टूबर को होगा। शुभारंभ अवसर पर विशेष रूप से टी-20 के कप्तान सूर्य कुमार यादव शामिल हुए। सूर्यकुमार ने अपने संबोधन की शुरुआत जय जोहार रायपुर कहकर की।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में ये मेरा तीसरा बार आना हुआ है। इस बार का आना बेहद खास भी है। छत्तीसगढ़ के क्षेत्रफल 44 प्रतिशत वन है। चारों तरफ हरियाली और ऊर्जा देखी है। यह सब आप लोगों की मेहनत का नतीजा है। यहां हरा भरा सोना यानी वन बहुल्य है। बस्तर मैना है, जो देश में चर्चा का विषय रहता है। प्रतियोगिता का लोगो भी पहाड़ी मैना को बनाया गया है। यहां भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अंत में एक नारा लगाया छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया ...।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की। इस मौके पर उन्होंने यह माता कौशिल्या की धरती है, भगवान राम का ननिहाल। इस आयोजन की लोकप्रियता दिनोंदिन बढ़ती है। शुरू 1992 में हुई उसमें बहुत कम खिलाड़ी ने हिस्सा लिया। आज छत्तीसगढ़ में हो रही प्रतियोगिता में तीन हजार से अधिक खिलाड़ी इस खेल में शामिल है। उन्होंने कहा, भारत विविधता से भरा देश है। इस तरह आयोजनों में जब खिलाड़ी आपस में मिलते हैं, तो एक दूसरे की संस्कृति और परंपरा को जानते हैं। दो दशक में प्रधानमंत्री की अगुवाई में खेल और अधोसंरचना का विकास हुआ है। छत्तीसगढ़ में कुछ सालों से बंद खेल अलंकरण में फिर से शुरू किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वन रक्षा करना आसान नहीं है, लेकिन वन विभाग छत्तीसगढ़ में अच्छी तरह से देखभाल कर रहे है। उन्होंने कहा कि खेल आपसी भाईचारा बढ़ाता है और साथ ही फिटनेस भी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि आप लोग यहां आए हैं, तो यहां से यादें लेकर जाएं। यह कांकेर वैली से लेकर चित्रकुट जलप्रपात है। समय निकलकर जरूर जाए।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, मंत्री टंक राम वर्मा, मंत्री लखन लाल, मंत्री दयालदास बघेल, बिहार के वन मंत्री प्रेम कुमार समेत विधायक राजेश मूणत, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव लीना नंद, प्रधान मुख्य वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव आदि उपस्थित रहे।

### मार्च पास्ट भी निकाला

खेलकूद प्रतियोगिता में देश के 29 राज्य, 10 केंद्र शासित प्रदेश एवं केंद्रीय शासन की विभिन्न वानिकी संस्थाओं के प्रतिभागी हिस्सा लिया है। जिनको द्वारा आकर्षक रूप से मार्च पास्ट निकलकर अतिथियों का अभिनंदन किया। यहां 23 खेल विधाओं में 300 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। जहां इंडोर और आउटडोर दोनों श्रेणी के खेल शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री ने किया सूर्य कुमार यादव का सम्मान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने क्रिकेटर सूर्य कुमार यादव का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने बरगद पेड़ की तरह आकार वाले चिल्ह प्रदान किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सूर्य कुमार की खेल भावना और उनकी उपलब्धियों की सराहना की।

# मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने नवा बिहान साईबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण में नवा बिहान साईबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नवा बिहान साईबर जागरूकता रथ के माध्यम से नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी व बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि 4 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक साइबर जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत गांव-गांव हाट बाजार में साइबर अपराध की रोकथाम के लिए जागरूक किया जा रहा है। रिंगटोन के माध्यम से शासकीय नंबरों के माध्यम से लोगों को सचेत किया जा रहा है एवं ओटीपी शेयर नहीं करने, सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करने कहा जा रहा है। अभी तक 1 लाख लोगों को इस मुहिम में जोड़ा गया है। नवा बिहान साईबर जागरूकता रथ के माध्यम से सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा नहीं करने, प्राइवेसी सेटिंग को सुरक्षित रखने, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करने और किसी भी संदिग्ध ऑफर से बचने कहा जा रहा है। साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत पुलिस एवं हेल्पलाईन नंबर 1930 पर संपर्क करने कहा जा रहा है।

# सीएम साय ने सैनी को दी बधाई: शपथ ग्रहण में शामिल होने जाएंगे

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नायब सिंह सैनी को भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने पर बधाई दी है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सीएम साय ने पोस्ट कर लिखा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और आपके नेतृत्व में हरियाणा राज्य प्रगति करेगा।

मिली जानकारी के अनुसार सीएम साय कल हरियाणा के दौरे पर जाएंगे। साय सुबह 7.50 बजे विशेष विमान से चंडीगढ़ के लिए रवाना होंगे। इसके बाद वे सुबह 11 बजे सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इसके अलावा दोपहर 3 बजे चंडीगढ़ में सीएम कांक्लेव में भी शामिल होंगे। वहीं सीएम साय वापस रात 9 बजे रायपुर पहुंचेंगे।

# एसआई भर्ती का रास्ता साफ, 975 पदों के लिए जल्द ही घोषित होंगे परिणाम

बिलासपुर। भर्ती के इंतजार में बैठे एसआई अभ्यर्थियों के लिए हाईकोर्ट से बड़ी खबर है। राज्य में एसआई भर्ती का रास्ता अब साफ हो चुका है। अब 975 पदों के लिए जल्द ही परिणाम जारी हो सकते है। दरअसल, हाईकोर्ट ने सरकार को अगले 15 दिनों के भीतर परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया है। यह मामला अक्तूबर 2021 में निकले 975 पदों के विज्ञापन से जुड़ा हुआ है, जिसके बाद से अभ्यर्थी लगातार परिणाम का इंतजार कर रहे थे। हाईकोर्ट जस्टिस एन.के. व्यास की सिंगल बेंच ने अब इस पर अपना निर्णय सुनाते हुए सरकार से जल्द से जल्द रिजल्ट जारी करने को कहा है। अब उम्मीद है कि अभ्यर्थियों को दिवाली से पहले बड़ी सौगात मिल जाए।

# मुख्यमंत्री एवं विस अध्यक्ष ने की 'हमारी संस्कृति हमारी धरोहर' किताब का किया विमोचन



राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में श्रीमती सीमा गर्ग द्वारा लिखित 'हमारी संस्कृति हमारी धरोहर' किताब का विमोचन किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लेखिका श्रीमती सीमा गर्ग को किताब के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। लेखिका श्रीमती सीमा गर्ग ने बताया कि 'हमारी संस्कृति हमारी धरोहर' किताब भारतीय संस्कृति, धार्मिक पूजा-पाठ की कहानियों और सामाजिक रीति-रिवाजों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का एक विशेष प्रयास है। उन्होंने कहा कि बदलते सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य ने नई पीढ़ी को संस्कृति से कुछ हद तक दूर कर दिया है। ऐसे में यह किताब एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शिका साबित होगी। बताते चले कि लेखिका श्रीमती सीमा गर्ग राजनांदगांव जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की माँ है। इस अवसर पर कलेक्टर संजय संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

लेखिका श्रीमती सीमा गर्ग ने कहा कि ''हमारी संस्कृति हमारी धरोहर'' किताब हमारी सांस्कृतिक धरोहर को न केवल संजोकर रखेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे समझने और अपनाने में भी मददगार होगी। उन्होंने बताया कि इस किताब को लिखने की प्रेरणा कोविड महामारी के दौरान अपने बड़े बेटे की शादी के समय मिली। उन्होंने देखा कि नारायणपुर जिले में शादी के समारोहों के दौरान हमारे पारंपरिक रीति-रिवाजों के प्रति नई पीढ़ी की जागरूकता कम होती जा रही है। इस अनुभव को ध्यान में रखते हुए एवं वर्षों के अनुभव और पुरखों से सीखे धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रीति-रिवाजों तथा पूजा अनुष्ठानों की जानकारी इस किताब में संकलित की गई है। यह किताब न केवल सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करती है, बल्कि यह एक अनूठा और वस्तुतः पहला ऐसा संकलन है। जिसमें विभिन्न रीति रिवाज और पूजा पाठ की कहानियों और विधियों का समावेश है। इस किताब को लिखने में परिवार का पूरा सहयोग मिला है।

उल्लेखनीय है कि लेखिका श्रीमती सीमा गर्ग का जन्म हरियाणा राज्य के करनाल जिले के सालवन गांव में हुआ था, लेकिन वे पिछले 35 वर्षों से दिल्ली में रह रही हैं। वे एक धार्मिक प्रवृत्ति की महिला हैं और कुशल गृहिणी के साथ एक सफल व्यवसायी महिला भी हैं। उनके पति रोशन लाल गर्ग दिल्ली सरकार में डीएसआईआईडीसी में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद से रिटायर हो चुके हैं और अब एक सफल व्यवसाय का संचालन कर रहे हैं। उनके तीन बच्चे हैं। बड़े बेटे मोहित गर्ग भारतीय पुलिस सेवा के 2013 बैच के अधिकारी हैं और वर्तमान में राजनांदगांव जिले में पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। बहु श्रीमती जागृति गर्ग प्राइवेट सेक्टर में जनरल मैनेजर हैं। उनकी बेटी श्रीमती आरती गर्ग टिबडेवाल एक मंडल आर्टिस्ट हैं और उनके पति नीरज टिबडेवाल तेलंगाना कैडर में 2019 बैच के भारतीय वन सेवा के अधिकारी हैं। छोटा बेटा रोहित गर्ग अंतर्राष्ट्रीय कंसल्टेंसी कंपनी बीसीजी में कंसलटेंट के पद पर दिल्ली में कार्यरत हैं।

इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री विजय शर्मा, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री टंकराम वर्मा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यन्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल, वाणिज्य-उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन देवांगन, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब, सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसदत्रय अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव, सुश्री सरोज पाण्डेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रेमप्रकाश पाण्डेय, महेश गागड़ा, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी व बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com